ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 230

मेरठ, गुरूवार, 20 जून 2024

(पृष्ठः 6)

मूल्यः 2 रूपया

दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'

प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार

भीषण गर्मी से खुला काम करने वाले मजदूरों... 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा शारदा रोड पर खस का शरबत किया वितरण...6

एक नजर..

केंद्र सरकार ने 117 रुपये बढ़ाया धान का एमएसपी

नयी दिल्ली (एजेंसी) सरकार ने बुधवार को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5.35 प्रतिशत बढ़ाकर 2,300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। यह बढ़ोतरी सरकार के पास अधिशेष चावल भंडार होने के बावजूद हुई है। हालांकि हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्यों में चुनावों से पहले यह महत्वपूर्ण पहल है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2018 के केंद्रीय बजट में एक स्पष्ट नीतिगत निर्णय लिया था कि एमएसपी उत्पादन की लागत से कम से कम 1.5 गुना होना चाहिए और एमएसपी वृद्धि में इसका पालन किया गया है।

अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी की गोली लगने से मौत

अयोध्या, ।अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षाकर्मी की बुधवार सुबह अपने ही हथियार से चली गोली लगने से मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच की जा रही है कि यह घटना आकस्मिक है या आत्महत्या की है।

पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार सुबह 5.25 बजे घटी। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) का जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा (25) यहां कोटेश्वर मंदिर के सामने वीआईपी गेट के पास तैनात था।

पुलिस ने कहा कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि यह घटना आकस्मिक है या आत्महत्या की है।पिछले साल 25 अगस्त को घटी इसी तरह की घटना में राम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के एक कांस्टेबल की गोली लगने से मौत हो गयी थी। तब भी बताया गया था कि उन्हें अपने ही सर्विस हथियार से गोली लगी थी।

अवैध खनन के खिलाफउत्तराखंड में निगरानी प्रणाली

देहरादून, (एजेंसी)अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए उत्तराखंड सरकार राज्यभर में खान निगरानी प्रणाली स्थापित करेगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मंगलवार को खनन डिजिटल बदलाव एवं निगरानी प्रणाली (एमडीटीएसएस) की स्थापना के लिए 93 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह प्रणाली देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधम सिंह नगर में 40 'चेक गेट' पर लगाई जाएगी। देहरादून में आठ, हरिद्वार में 13, नैनीताल में 10 और उधम सिंह नगर में नौ चेक गेट होंगे। बयान में कहा गया है कि बुलेट कैमरा, आरएफआईडी रडार और एलईडी फ्लडलाइट से लैस नयी प्रणाली न केवल अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखने में मदद करेगी, बल्कि राज्य सरकार के राजस्व को भी बढ़ाएगी। इसके अलावा देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधम सिंह नगर में जिला मुख्यालयों पर मिनी कमांन सेंटर के साथ-साथ देहरादून में एक खनन राज्य नियंत्रण केंद्र (एमएससीसी) स्थापित किया जाएगा।

भाजपा की हुईं किरण व श्रुति, राज्यसभा सदस्यता संभव

हरियाणा के सीएम नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ज्वाइन करवाई पार्टी

चंडीगढ़, हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल की नेता रहीं और तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी अब भाजपाई हो गई हैं। श्रुति हरियाणा कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष थीं और वह भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद भी रही हैं। किरण व श्रुति ने बुधवार को नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में सदस्यता हासिल की। फिर दोनों ने अमित शाह, जेपी नड्डा से मुलाकात की।

माना जा रहा है कि भाजपा किरण चौधरी को राज्यसभा भेज सकती है। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के रोहतक से लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट खाली हुई है। किरण की बेटी व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी को बंसीलाल परिवार की परंपरागत सीट तोशाम से विधानसभा चुनाव लड़वाया जा सकता है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास तथा बिजली मंत्री मनोहर लाल, सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा महामंत्री तरुण चुघ, हरियाणा में लोकसभा चुनाव के सह-प्रभारी रहे सुरेंद्र नागर व पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी की मौजूदगी में दोनों ने भाजपा की सदस्यता हासिल की। इस मौके पर सीएम के एडवाइजर (पब्लिसिटी) तरुण भंडारी भी मौजूद रहे। किरण 1998 से 2003 तक दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष भी रहीं। उनके पति चौ. सुरेंद्र सिंह सांसद भी रहे और हरियाणा के कृषि मंत्री भी रहे। चौ. बंसीलाल ने जब कांग्रेस छोड़ हरियाणा विकास पार्टी (हविपा) का गठन किया था तो भी किरण कांग्रेस में ही सक्रिय थीं। बंसीलाल परिवार की परंगरागत सीट तोशाम से किरण ने 2005 में पहली बार उपचुनाव के जरिये हरियाणा विधानसभा में एंट्री की। इसके बाद 2009, 2014 और 2019 में भी उन्होंने तोशाम से चुनाव जीता।

किरण चौधरी 2005 से 2009 तक फिर 2014 तक हरियाणा सरकार में मंत्री रहीं। उनकी बेटी व बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी ने 2009 में भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता। हालांकि इसके बाद वह 2014 और 2019 का चुनाव हार गईं। इस बार भी श्रुति चौधरी लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छुक थीं, लेकिन उनकी जगह महेंद्रगढ़ से विधायक राव दान सिंह को टिकट दिया गया।

राजनीति में बंसीलाल का विशेष प्रभाव : नायब

इस मौके पर सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा, 'चौधरी बंसीलाल परिवार का पूरा समय हरियाणा की राजनीति को समर्पित रहा। किरण चौधरी व श्रुति चौधरी के आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि किरण चौधरी व श्रुति चौधरी के साथ मिलकर भाजपा एक परिवार की तरह हरियाणा को मजबूत करने का काम करेगी।

शरीर कांग्रेस में तो मन भाजपा में रहा रू मनोहर

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा, किरण चौधरी के साथ मैंने विधानसभा में काम किया है। साढ़े नौ वर्षों तक बतौर मुख्यमंत्री मैंने किरण के कार्य करने के तरीके को देखा है। किरण चौधरी शरीर से भले ही कांग्रेस में रही हों, पर वह प्रदेश सरकार के कार्यों से हमेशा प्रभावित रहीं। इसलिए कह सकते हैं कि उनका मन पहले से ही भाजपा की नीतियों में रहा। उन्होंने कहा, मुझे चौधरी बंसीलाल के साथ काम करने का मौका भी मिला है। 1996 से 1998 में बंसीलाल और भाजपा की साझी सरकार थी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा, 'किरण चौधरी को शुभकामनाएं। उन्हें भाजपा में भविष्य लग रहा होगा। भाजपा में सीएम पद की एक और दावेदार शामिल हो गईं। वैसे भी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कह दिया है कि इनका (किरण का) मन तो भाजपा में ही था। अब उन्हें यह भी बता देना चाहिए कि पिछले राज्यसभा चुनाव में भाजपा के साथ क्या डील हुई थी।

मनोहर लाल ने हरियाणा में पर्ची-खर्ची सिस्टम को समाप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासकारी नीतियों विशेषकर विकसित भारत के संकल्प से मैं काफी प्रभावित हूं। चौ. बंसीलाल की तरह ही मनोहर लाल ने भी ईमानदारी से अच्छा कार्य किया है। मैंने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया है।

किरण चौधरी, पूर्व मंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। पूरे विश्व में भारत का नाम चमकाया है। मैं भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रही हूं। मेरे लिए गौरव की बात है कि चौधरी बंसीलाल के साथ मनोहर लाल काम कर चुके हैं।

यूजीसी-नेट : एक दिन बाद ही परीक्षा रद्द, सीबीआई जांचेगी शुचिता

नयी दिल्ली (एजेंसी) शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट को इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) के इस इनपुट के बाद रद्द करने का आदेश दिया कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया। अधिकारियों ने कहा कि गहन जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंप दिया गया है। मंत्रालय का यह फैसला मेडिकल के लिए प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर विवाद के बीच आया है। नीट का मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है। गौर हो कि नेट परीक्षा एक दिन पहले ही यानी 18 जून को आयोजित की गयी थी। इसमें रिकॉर्ड 11 लाख ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परीक्षा फिर से कराई जाएगी। गौर हो कि यूजीसी-नेट भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी में प्रवेश के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए पात्रता निर्धारित करने की परीक्षा है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ी

ं नयी दिल्ली, । दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी है।

आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल को, उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया।

इस दौरान विशेष जज न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। अदालत में सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका विरोध करते हुए कहा कि उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

दिल्ली में जल संकट पर आतिशी ने अनशन की दी धमकी

नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में व्याप्त जल संकट के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है और अगर संकट का समाधान जल्द ही नहीं किया गया तो वह 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा राजधानी के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है, इसलिए दिल्ली जल संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, 'कल हरियाणा ने दिल्ली के लिए 613 एमजीडी के बजाय 513 एमजीडी पानी छोड़ा। एक एमजीडी पानी 28,500 लोगों के लिए होता है। इसका अर्थ है कि 28 लाख से अधिक लोगों के लिए पानी नहीं छोड़ा गया।'

यह सब कालाबाजारी से ध्यान भटकाने का नाटक : भाजपा

इस बीच भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर पानी की चोरी और कालाबाजारी से ध्यान भटकाने के लिए नाटक करने का आरोप लगाया और कहा कि आप सरकार कुछ नहीं कर रही है, इसलिए उसे बर्खास्त किया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने कहा, 'सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी दिल्ली को पानी मुहैया कराने में विफल रही है।'

ऊर्जा बदलाव में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा अडाणी समूह : गौतम अडाणी

नयी दिल्ली, अडाणी समूह ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं और विनिर्माण क्षमता में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

समूह का मकसद हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी सभी प्रमुख कलपुर्जों का विनिर्माण करना है। सूर्य की रोशनी से बिजली का उत्पादन करने के लिए सौर पार्क और पवन फार्म बनाने के अलावा समूह हरित हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा टर्बाइन और सौर पैनल बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रहा है।

हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है। इसे उद्योग के साथ-साथ परिवहन क्षेत्र को कॉर्बन-मुक्त करने के लिए एक संभावित उपाय के रूप में देखा जा रहा है।क्रिसिल द्वारा आयोजित ''बुनियादी ढांचा-भारत के भविष्य के लिए उत्प्रेरक' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव और डिजिटल बुनियादी ढांचा अरबों डॉलर के अवसर हैं जो भारत को स्थानीय और वैश्विक स्तर पर बदल देंगे।उन्होंने कहा, ''अगले दशक में हम ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे और अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेंगे। हमारी मूल्य श्रृंखला में पहले से प्रत्येक प्रमुख कलपुर्जे का विनिर्माण शामिल है।कोयले-से-बंदरगाह क्षेत्र में कार्यरत समूह 'दुनिया का सबसे कम महंगे हरित इलेक्ट्रॉन' का उत्पादन करना चाहता है जो कई क्षेत्रों के लिए 'फीडस्टॉक' का काम करेगा।

अडाणी ने कहा, '' और ऐसा करने के लिए हम पहले से ही कच्छ जिले (गुजरात में) के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थल नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बना रहे हैं। केवल इस एकल स्थान से 30 गीगावाट बिजली पैदा होगी, जिससे हमारी कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2030 तक 50 गीगावाट पर पहुंच जाएगी।'

अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा। उन्होंने कहा कि 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जिसके बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा।

भारत को शिक्षा, ज्ञान का केंद्र बनाना मिशन : मोदी

प्रधानमंत्री ने नालंदा विश्वविद्यालय के नये परिसर का किया उद्घाटन

राजगीर, (बिहार) (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नये परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है, मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'

उन्होंने कहा कि जब शिक्षा का विकास होता है तो अर्थव्यवस्था और संस्कृति की जड़ें भी मजबूत होती हैं। हम विकसित देशों को देखें तो पाएंगे कि वे अर्थ, सांस्कृतिक लीडर तब बने, जब एजुकेशनल लीडर हुए। आज दुनिया भर के छात्र उन देशों में जाकर पढ़ना चाहते हैं। कभी ऐसी स्थिति हमारे यहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे संस्थानों में हुआ करती थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह किसी भी राज्य के विकास के लिए बुनियादी 'रोड मैप' है, इसलिए 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा भारत, शिक्षा के क्षेत्र का कायाकल्प कर रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में भारत में औसतन हर सप्ताह एक विश्वविद्यालय और हर दिन एक नयी आईटीआई की स्थापना हुई है। हर तीसरे दिन एक अटल टिंकरिंग लैब खोली गई है। भारत में हर दिन दो नए कॉलेज बने हैं।

समारोह में आये 17 देशों के प्रतिनिधि रू कार्यक्रम को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी संबोधित किया। उद्घाटन समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र वी आर्लेकर और 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें एशिया के कितने ही देश की विरासत जुड़ी हुई हैं। एक विश्वविद्यालय के परिसर के उद्घाटन में इतने देश का उपस्थित होना, अपने आप में अभूतपूर्व है।

विशेषज्ञों के अनुसार, 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किए जाने से पहले नालंदा विश्वविद्यालय 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा। नये विश्वविद्यालय ने 2014 में 14 छात्रों के साथ एक अस्थायी स्थान पर काम करना शुरू किया। विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 2017 में शुरू हुआ। इस विश्वविद्यालय में भारत के अलावा 17 अन्य देशों की भागीदारी है।

प्राचीन नालंदा के खंडहर भी देखे

प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा के खंडहर भी देखे। मूल नालंदा विश्वविद्यालय को विश्व के प्रथम आवासीय विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है। नालंदा के खंडहरों को 2016 में संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थल घोषित किया गया था। प्राचीन नालंदा के खंडहरों में मठ और शिक्षण संस्थान के पुरातात्विक अवशेष शामिल हैं। इसमें स्तूप, मंदिर, विहार (आवासीय और शैक्षणिक भवन), पत्थर और धातु से बनी महत्वपूर्ण कलाकृतियां शामिल हैं।

उत्तर भारत में तपिश से राहत दिल्ली-एनसीआर में मानसून 30 को

चंडीगढ़/नयी दिल्ली (एजेंसी) भीषण गर्मी में झुलस रहे लोगों को बुधवार शाम से कुछ राहत मिली। हरियाणा, पंजाब के कई इलाकों, चंडीगढ़ के अलावा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड के कुछ इलाकों में बौछारें पड़ीं। इससे पारा करीब चार डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। उधर, मौसम विभाग ने बुधवार को कहा कि मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली-एनसीआर में आने की उम्मीद है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध पूर्वानुमान के मुताबिक हरियाणा, पंजाब के कई इलाकों में हल्की बारिश और अंधड़ की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे ही मौसम के एक-दो दिन बने रहने की उम्मीद है। चंडीगढ़ में भी 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। इस बीच, बुधवार दिन में लोगों को प्रचंड पारे की तपिश झेलनी पड़ी। उधर, मौसम विभाग ने बताया कि जून के महीने में अब तक 20 प्रतिशत कम बारिश हुई है। विभाग के मुताबिक सिक्किम और सभी पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकांश हिस्सों में 12 जून तक मानसून दस्तक दे चुका था, लेकिन उसके बाद मानसून आगे नहीं बढ़ा।

घर में घुसकर फायरिंग करने के मामले के दो वांछित युवक गिरफ्तार,

युरेशिया संवाददाता

कैराना। पुलिस ने घर में घुसकर फायरिंग करने के मामले में वांछित चल रहे दो युवकों को किया गिरफ्तार।कब्जे से अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद। बता दें कि गत सोमवार को साजिद निवासी मौहल्ला आलखुर्द के घर में घुसकर कर कुछ युवकों ने घर पर मौजूद उसकी पत्नी और पुत्र पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी।जिस संबंध साजिद ने पुलिस को नामजद लिखित तहरीर दी थी।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

बुधवार में कैराना कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक अनिरुद्ध कुमार ने मुखबिर खास की सूचना पर घर में घुसकर फायरिंग करने के मामले में वांछित चल रहे जावेद पुत्र जाबिर निवासी ग्राम जहानपुरा व यहिया पुत्र दिलशाद निवासी मौहल्ला आलखुर्द को गिरफ्तार किया हैं।पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक-एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया हैं।पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए दोनों का चालान कर जेल भेज दिया हैं।

संगीत सोम व संजीव बालियान के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग

आजाद अधिकार सेना ने राज्यपाल को भेजा प्रार्थना पत्र

युरेशिया संवाददाता

शामली। आजाद अधिकार सेना ने भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम व पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों को राज्यपाल को संबोधित एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम ने पिछले दिनों अपने मेरठ स्थित आवास पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान पर भ्रष्टाचार एवं आपराधिक कृत्यों के गंभीर आरोप लगाए हैं जिनमें हजारों करोडों की संपत्ति अर्जित किए जाने तथा हत्या के तीन मामलों में संदिग्ध भूमिका होने के गंभीर आरोप शामिल है। संजीव बालियान द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग कर कंपनियों को गलत फायदा दिलाए जाने, कतिपय लोगों के साथ मिलकर बैनामी संपत्ति अर्जित करने, शुक्रतीर्थ में लगभग 800 बीघा तथा आस्ट्रेलिया में सैंकडों एकड बैनामी जमीन खरीदने के आरोप हैं। साथ ही हत्या के तीन मामलों मेंभी अनुचित संलिप्तता के आरोप हैं। संजीव बालियान के एक निकटस्थ ने एक वीडियो जारी कर संगीत सोम पर गौकशी का अवैध धंधा करने, हिमाचल प्रदेश में अवैध शराब का कारोबार करने तथा लोगों को फर्जी मुकदमों में फंसाकर अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने संगीत सोम व संजीव बालियान द्वारा एक दूसरे पर लगाए आरोपों की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव विनोद कुमार, जिलाध्यक्ष संदीप कुमार, ओमबीर, अंकित कश्यप आदि भी मौजूद रहे।

घर के सामने खडी कार के टायर फाडने का आरोप

पीडित की तहरीर पर पुलिस ने युवक पर दर्ज किया मुकदमा

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के काकानगर निवासी एक युवक ने एक युवक पर उसकी कार के टायर फाडने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार शहर के मौहल्ला काकानगर निवासी प्रशांत धीमान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी कार से किसी काम से झिंझाना रोड पर गया था। उसने एक घर के सामने अपनी कार खडी कर दी तथा सामने एक गली में चला गया। जब थोडी देर बाद वह वापस आया तो उसकी गाडी के टायर फटे हुए थे। प्रशांत ने उक्त घर के मालिक पर टायर फाडने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुनीष मलिक पुत्र सुरेन्द्र मलिक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जलापूर्ति की समस्या को लेकर मचा हाहाकार

वार्डवासियों में छाया आक्रोश, पालिका प्रशासन को भेजा पत्र

युरेशिया संवाददाता

कांधला। स्थानीय नगर पालिका परिषद के वार्ड 03 में जलापूर्ति की समस्या को लेकर वार्डवासीयों ने प्रदर्शन कर रोष प्रकट किया है। वार्डवासीयों ने पालिका प्रशासन से जलापूर्ति के लिये समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में वार्ड सभासद ने भी पालिका प्रशासन को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग है। बढते तापान और भीषण गर्मी के बीच पालिका के जल संसाधन भी जवाब दे रहे है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ऐसे ही मामला स्थानीय पालिका के वार्ड-03 में देखने को मिला। बुधवार को वार्ड-03 के दर्जनों लोगों ने धीमी जलापूर्ति को लेकर आक्रोष व्यक्त किया है। समस्या को लेकर वार्ड के कई लोग मौके पर जमा हो गए, और पालिका प्रशासन की व्यवस्था जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। वार्ड-03 के लोगों का कहना है कि लगभग एक महीने से पालिका द्वारा लगाए गए पानी के संसाधनों से पर्याप्त स्थिति में जलापूर्ति नही हो पा रही है। पर्याप्त जलापूर्ति ना होने से वार्ड की ग्रहणीयों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। वार्ड के लोगों ने कई बार पालिका प्रशासन को मामले की शिकायत की है, लेकिन समस्या का समाधान नही हो सका है। उक्त समस्या को लेकर वार्ड के लोगों के सामने पानी की भरपूर किल्लत बनी हुई है। इस दौरान संदीप सैनी, मोनू प्रजापति, अनीस, साजिद, गुलबहार, इमरान, बाबू, पप्पू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

क्या कहते है वार्ड सभासद

वार्ड सभासद मुस्कान पत्नी अनिल कुमार बोहरा का कहना है कई बार पालिका प्रशासन को लिखित और मोखिक रूप से मामले से अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाही नही की गई है।

वार्ड को नहीं मिला ठंडे पानी का फ्रिज

कांधला। करोड़ों रुपए खर्च कर पालिका द्वारा कस्बे में आमजन के लिए ठंडे पानी की पूर्ति के लिए फ्रिज लगाए गए है लेकिन वार्ड 3 का दुर्भाग्य है कि एक भी ठंडे पानी का फ्रिज इस वार्ड के हिस्से में नहीं आया। ठंडे पानी का फ्रिज ना लगने से भी मोहल्लेवासियों में भारी रोष व्याप्त है।आखिर वार्ड 3 को ही सरकारी योजनाओं से वंचित क्यों किया जा रहा है। क्या वार्ड 3 के लोगो का सरकारी योजनाओं पर कोई अधिकार नहीं है।इसे पालिका प्रशासन का भेदभाव कहे या अनदेखी कहा जाए।

विद्युत कटौती लेकर किसानों का बिजलीघर पर धरना, प्रदर्शन

एसडीओ के आश्वासन के बाद किसानों ने खत्म किया धरना

युरेशिया संवाददाता

कांधला। क्षेत्र के गांव डांगरोल बिजली घर पर बिजली कटौती को लेकर दर्जनों किसानों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरनारत किसानों ने रोस्टर के हिसाब आपूर्ति दिए जाने की मांग की है। एसडीओ ने मौके पर पंहुचकर किसानों को समस्या के समाधान का आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

गांव डांगरोल में एक सप्ताह से दिन और रात के समय विद्युत आपूर्ति की कटौती की जा रही है, जिससे किसानों के खेत पर ट्यूबवेल न चलने से धान की फसल की सिंचाई नही की जा रही है। समस्या को लेकर कई बार किसानों ने बिजली घर जाकर जेई को मामले की जानकारी देकर समस्या के समाधान की मांग की थी, लेकिन किसानों की शिकायत पर विभाग ने कोई कार्रवाही नही की। बिजली आपूर्ति में लगातार कटौती से किसानों में गहरा रोष फैल गया। बुधवार को दर्जनों किसान एकत्रित होकर बिजलीघर डांगरोल पंहुच गए। किसान बिजली घर के प्रागण में धरने पर बैठ गए। विभाग के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ विद्युत विभाग के एसडीओ सौरभ कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पंहुच गए। किसानो ने रोस्टर के अनुसार आपूर्ति दिए जाने की मांग की है,जिससे किसानों के खेत में सिंचाई हो सके। एसडीओ ने 4 दिन के भीतर समस्या का समाधान कर बिना कटौती आपूर्ति दिए जाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया, जिसके चलते किसान अपने गांव लौट गए। इस दौरान रालोद नेता राजन जावला, बलबीर, सतीश, सुरेन्द्र, यशवीर, सुधीर, रोहताश, सचिन, मनीष, दर्जनों किसान मौजूद रहे

महाराज जी ने सातवे दिन श्री राम कथा में सीता हरण से लेकर सुंदरकांड तक की कथा का मनोहारी वर्णन किया

युरेशिया संवाददाता

गढ़ीपुख्ता। गढ़ी अब्दुल्ला खां में रामलीला भवन में चल रही श्री राम कथा में कथावाचक निखिल महाराज जी ने सातवे दिन श्री राम कथा में सीता हरण से लेकर सुंदरकांड तक की कथा का मनोहारी वर्णन किया उन्होंने कहा कि कोई कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों ना हो जब भी अन्याय और अधर्म के मार्ग पर चलेगा उसका सर्वनाश होना निश्चित है राम राज्य की स्थापना हेतु एवं रावण रूपी बुराई का विनाश करने के लिए भगवान श्री राम ने वनवासी गिरीवासी कोल भीलो एवं वानर आदि को साथ लेकर लंका की ओर प्रस्थान किया। भगवान चाहते तो स्वयं के बाहुबल से ही रावण रूपी बुराई का अंत कर सकते थे लेकिन समाज को निर्भय करने एवं उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करने के लिए भगवान ने समाज के सभी वर्गों को संगठित करके बुराई के प्रतिकार के लिए तैयार किया।

रावण ने जो धन अन्याय अत्याचार से कमाया था हनुमान जी के द्वारा उस लंका रूपी धन का विनाश किया गया। ताकि रावण के अंत के पश्चात आने वाली पीढ़ी इस छल कपट से कमाए गए धन से विकृत एवं कुमार्गी ना हो जाए।

मेहनत एवं सद्मार्ग से कमाया गया धन ही शांति तुष्टि पुष्टि देता है।

इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय, रामकुमार चौधरी चौयरमैन सरस्वती इंटर कॉलेज तीतरो ,सुनील कश्यप,रामकुमार,

चरणसिंह,आशीष,राजन तोमर ,विजय सैनी, सूर्य प्रताप सैनी प्रतिनिधि एमएलसी ,शेखर सैनी भाकियू नेता, रवि कौरी, जगबीर कश्यप जयकुमार, सेठपाल कश्यप,दीपक , जगपाल सैनी, मोनू सैनी, रमेश कश्यप ,डॉक्टर राजकुमार सैनी ,सन्नी सरोहा ,गढ़ीपुख्ता।

गढ़ी अब्दुल्ला खां में रामलीला भवन में चल रही श्री राम कथा में कथावाचक निखिल महाराज जी ने सातवे दिन श्री राम कथा में सीता हरण से लेकर सुंदरकांड तक की कथा का मनोहारी वर्णन किया उन्होंने कहा कि कोई कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों ना हो जब भी अन्याय और अधर्म के मार्ग पर चलेगा उसका सर्वनाश होना निश्चित है राम राज्य की स्थापना हेतु एवं रावण रूपी बुराई का विनाश करने के लिए भगवान श्री राम ने वनवासी गिरीवासी कोल भीलो एवं वानर आदि को साथ लेकर लंका की ओर प्रस्थान किया।भगवान चाहते तो स्वयं के बाहुबल से ही रावण रूपी बुराई का अंत कर सकते थे लेकिन समाज को निर्भय करने एवं उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करने के लिए भगवान ने समाज के सभी वर्गों को संगठित करके बुराई के प्रतिकार के लिए तैयार किया।

रावण ने जो धन अन्याय अत्याचार से कमाया था हनुमान जी के द्वारा उस लंका रूपी धन का विनाश किया गया। ताकि रावण के अंत के पश्चात आने वाली पीढ़ी इस छल कपट से कमाए गए धन से विकृत एवं कुमार्गी ना हो जाए।

मेहनत एवं सद्मार्ग से कमाया गया धन ही शांति तुष्टि पुष्टि देता है। इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय, रामकुमार चौधरी चौयरमैन सरस्वती इंटर कॉलेज तीतरो ,सुनील कश्यप,रामकुमार, चरणसिंह,आशीष,राजन तोमर ,विजय सैनी, सूर्य प्रताप सैनी प्रतिनिधि एमएलसी ,शेखर सैनी भाकियू नेता, रवि कौरी, जगबीर कश्यप जयकुमार, सेठपाल कश्यप,दीपक , जगपाल सैनी, मोनू सैनी, रमेश कश्यप ,डॉक्टर राजकुमार सैनी ,सन्नी सरोहा ,

नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने और धर्म परिवर्तन कराने की आशंका के आरोप

युरेशिया संवाददाता

गढ़ीपुख्ता। थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के एक गाँव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने और धर्म परिवर्तन कराने की आशंका के आरोप में पांच के विरुद्ध तहरीर दी है। जहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी गई थी।वही मुखबिर की सूचना पर दोनो प्रेमी युगल को गढी पुख्ता ने पकड लिया ।लडकी को मेडिकल के लिए भेजा गया ।पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई ।

दर्ज मुकदमे के अनुसार, पीड़ित ने बताया की रागीब पुत्र समेदीन निवासी पत्थर गढ़ सनौली हरियाणा निवासी गाँव में ही टेलर का कार्य करता था। बीते शुक्रवार को करीब दो बजे सुबह उसकी करीब 16 वर्षीय प्रिया पुत्री सतीश को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था जिसकी पुष्टि पडौस में लगे सीसी टीवी कैमरो से हुई है। पीड़ित पिता ने बताया कि उक्त युवक के बहन-बहनोई और हरियाणा में उसके परिवार से जब इस लडकी और लडके के बारे में पता किया तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जानकारी न होने की बात कही। आरोप लगाया कि उसको आशंका थी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ किसी अनहोनी के साथ-साथ धर्म परिवर्तन कराने का शक बताकर गढ़ीपुख्ता थाना में तहरीर दी गई थी । मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने लडके व लडके के बहन-बहनोई और पिता सहित पांच के खिलाफसंबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया था । वही मुखबिर की सूचना पर पिंडौरा बस स्टैंड ऊन थानाभवन पर दोनो प्रेमी युगल कई भागने की फिराक में थे पहुंच कर दोनो को गढी पुख्ता थाने ले आई ।जिसके बाद लड़की को मेडिकल के लिए भेज दिया ।वही गढी पुख्ता पुलिस ने आरोपी को पकड जेल भेज दिया है।

कस्बे के एम.डी. पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले एक व्यक्ति की गर्मी व लू के चलते मृत्यू हो गई

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर के एम.डी. पब्लिक स्कूल के निकट उमर कालोनी में रहने वाला सलीम पुत्र बुद्धू उम्र 45 वर्ष नहाने के लिए जा रहा था। जब उसने नहाने के लिए कपडे उतारे उसी दौरान व चक्कर खाकर नल के निकट गिर गया और बेहोश हो गया। परिजनो उसकी बिगडती हालत को देखकर शोर मचाया तो काफी लोग मौके पर इकटठा हो गये तथा उसे उपचार के लिए कस्बे के एक चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया। सलीम की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सक ने उसे उपचार के लिए मेरठ भेज दिया। मेरठ अस्पताल में ले जाते समय उसकी रास्ते में ही मृत्यु हो गई। चिकित्सको द्वारा बताया गया कि तेज धूप व लू लगने के कारण उसकी मृत्यू हुई है। परिजनो मृतक के शव को देर शाम कब्रिस्तान में लेजाकर सुपुर्देखाक कर दिया। बताया गया कि मृतक की पांच लडकी व एक लडका है जिनका रो रोकर बुरा हाल है। कालोनी निवासी लोगो का कहना है कि उमर कालोनी में बिजली का किसी भी घर में कोई कनेक्शन नही है जिस कारण बढती गर्मी में लोगो रहने में काफी कठिनाई का सामना करना पड रहा है। लोगो का कहना है कि नये कनेक्शन लेने के लिए लोग बिजली घर के सालो से चक्कर लगा रहे हैं परंतु उन्हे कालोनी में कनेक्शन नही मिल पा रहे हैं। कालोनी के लोग बैट्री व सोलर लाईट से पंखे चलते हैं जो कुछ ही देर चालकर डिस्चार्ज हो जाते हैं। कालोनी निवासी लोगो की मांग है कि उनकी कलोनी में नये कनेक्शन दिये जायें ताकि बढती गर्मी में कूलर व पंखे लगाकर लोगो को राहत मिल सके।

आयुक्त व आईजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक

माफिया पर करें सख्त कार्यवाही-आयुक्त

कांवड यात्रा एवं मोहर्रम की तैयारी की जाये शुरू-आयुक्त

जनपद की सीमाओं, मिश्रित आबादी व संवेदनशील स्थानों पर बरती जाये विशेष सतर्कता-आईजी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0 व आईजी नचिकेता झा द्वारा समस्त जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार का माफिया चाहे वह भू-माफिया हो या खनन माफिया समस्त जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रकरण पर प्रभावी एवं लगातार कार्यवाही चलती रहे। आयुक्त ने कहा कि आगामी दिनो में कांवड यात्रा, मोहर्रम इत्यादि त्यौहारों का आयोजन होना है जिसके लिए अभी से जनपद स्तर पर तैयारी की जाये। उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा के लिए रूट प्लॉन, ट्रैफिक डायवर्जन तथा पिछले वर्ष की गई कार्यवाही की बिन्दुवार समीक्षा कर ली जाये तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा रूट का भ्रमण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं सडक मरम्मत, पानी, स्ट्रीट लाईट, बिजली के तार व पोल, मेडिकल कैम्प, वीआईपी विजिट हेतु स्थानों का चिन्हांकन, संवेदनशील स्थानों का चिन्हांकन, शिविर आयोजक के साथ बैठक इत्यादि मुख्य बिन्दुओं पर तैयारी शुरू कर दी जाये। आईजी ने कहा कि आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से तैयारियों को आगे बढाया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद की सीमाओं, मिश्रित आबादी व संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाये।

आयुक्त ने कहा कि तहसील दिवस पर आने वाले फरियादियों को गंभीरता से सुना जाये तथा प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कराया जायें। जाम से निजात पाने हेतु उन्होने अवैध टैक्सी व बस स्टैण्ड पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आईजी ने गुंडा एक्ट, गैंगस्टर अधिनियम, भूमि विवाद, माफिया, अवैध शराब, हत्या, लूट, डकैती, महिलाओ के विरूद्ध अपराध यथा-अपहरण, पॉक्सो एक्ट, अनुसूचित जाति जनजाति के विरूद्ध अपराध आदि की मंडलीय समीक्षा की। उन्होंने आईजीआरएस के तहत आने वाली शिकायतों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिये। बैठक में जनपदवार कोर्ट में चल रहे समस्त वादों में अभियोजन अधिकारियों द्वारा की जा रही पैरवी की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि समस्त अभियोजन अधिकारी प्रत्येक वाद में प्रभावी पैरवी करना सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी स्थिति में अपराधी को समयआन्तर्गत सजा दिलायी जा सके। बैठक में पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई एवं अन्य आतंकवादी गतिविधियों की रोकथाम हेतु षटमासिक समीक्षा की गयी व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी मेरठ दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य जनपदों के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी में राहगीरों को छबील लगाकर शरबत पिलाया

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे के ग्राम कैथोडा में युसूफ इकबाल कुरैशी के आवास पर भीषण गर्मी में राहगीरों को छबील लगाकर शरबत पिलाया गया। मीरापुर के ग्राम कैथोडा में भीषण गर्मी में राहगीरो को राहत देने के लिए छबील लगाकर ठंडा शरबत बांटा गया। इस दौरान लोगो ने ठंडा शरबत पीकर गला ठंडा किया तथा राहत महसूस की। इस दौरान हाजी महबूब आलम पूर्व प्रधान खालिद कुरैशी, आबाद, सज्जाद, फरमान, शादाब, इकबाल व शहजाद आदि लोग मौजूद रहे।

गृह क्लेश के चलते फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे के मौहल्ला पछाला निवासी एक युवक ने गृह क्लेश के चलते फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मीरापुर के मौहल्ला पछाला निवासी रिंकू पुत्र बब्बन उम्र 35 वर्ष का अपने परिजनो से विवाद चल रहा था जिस कारण उसके परिवार में आये दिन झगडा होता रहता था। मंगलवार की देर रात रिंकू घर आया और परिजनो से झगडने लगा तथा अपने आप को कमरे में बंद कर लिया और पंख पर फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। परिजनो को शक हुआ तो उन्होने कमरे का दरवाजा तोडकर उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा परंतु तब तक उसकी मृत्यू हो चुकी थी। मृतक के दो बच्चे हैं उनका रो रोकर बुरा हाल है। परिजनो ने बुधवार को मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

गौवंश का राजवाहे में पडा शव

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे के खतौली रोड पर स्थित राजवाहे में एक गौवंश शव पडा हुआ है जिसे आवारा कुत्ते नोच रहे हैं। गौवंश का शव मिलने से लोगो में रोष व्याप्त है।

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौवंशो की देखरेख व उन्हे सहारा देने के लिए प्रदेश के समस्त नगर पंचायत व तहसील व जिला स्तर पर करोडो की लागत से गौशालाओं का निर्माण कराया है। इसके बावजूद भी आवारा गौवंश सडको पर भटक रहे हैं व गर्मी में भूखे प्यासे मर रहे हैं। मीरापुर के खतौली रोड पर राजवाहे में एक गौवंश पानी पीने के लिए गया जिस कारण उसकी राजवाहे में गिरने से मौत हो गई। गौवंश की मौत हो जाने पर गौवंश का कई दिनो से शव राजवाहे में पडा हुआ है। जिसे आवारा कुत्ते नोच रहे हैं। क्षेत्र में कई गौशालाऐं होने के बवाजूद भी गौवंश की दुर्दशा हो रही है जिस कारण लोगो में काफी प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है।

कार से बचने के प्रयास में उनकी स्कूटी पलट गई और दोनो स्कूटी सवार गम्भीर घायल

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। कस्बे के भूम्मा रोड निवासी दो युवक अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। रास्ते में किसी वाहन से बचने के प्रयास में उनकी स्कूटी पलट गई और दोनो गम्भीर घायल हो गये। मीरापुर के भूम्मा रोड निवासी अजहर पुत्र वसीम अपने एक दोस्त तालिब पुत्र आरिफके साथ स्कूटी पर सवार होकर अपनी ससुराल लावड जा रहा था। जब वह ग्राम भूम्मा से निकला तो सामने से आ रही कार से बचने के प्रयास में उनकी स्कूटी पलट गई और दोनो स्कूटी सवार गम्भीर घायल हो गये तथा दोनो युवको के सिर, हाथ व पैरो में गम्भीर चोटें आयी। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गये और घायलो को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया।

एक नजर..

सड़क दुर्घटना में अलग अलग स्थानों मे चार घायल

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

धोली प्याऊ ललियाना मार्ग पर गौना के समीप सड़क के गढढे में बाईक गिरने से दम्पत्ति घायल हो गये वही रटौल के महिला सहित दो लोग सिरोली के समीप ट्रेक्टर की टक्कर से घायल हो गये जिन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है?।

रटौल निवासी जितेन्द्र पुत्र करण सिंह अपनी भाभी पूनम के साथ बाईक द्वारा दिल्ली जा रहा था जब वह रटौल बंधला मार्ग पर सिरोली के समीप पहुचे तो एक ट्रेक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमे दोनो घायल हो गये जिन्हें दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर शाहदरा निवासी राजेन्द्र अपनी पत्नी शान्ति देवी के साथ सराय जा रहे थे जहा धोली प्याऊ ललियाना मार्ग पर गौना के समीप सड़क मे जलभराव के चलते उनकी बाईक गढढे मे गिर गयी और दम्पत्ति उसमे घायल हो गये जिन्हें निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

बंदरो के हमले से एक युवक घायल ग्रामीणो ने की बंदरो को पकड़वाने की मांग

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

रटौल में छत पर सो रहे एक युवक पर बंदरो के एक झुड़ ने हमला बोल घायल कर दिया ग्रामीणो के अनुसार बंदरो ने एक सप्ताह मे 6 लोगो पर हमला बोल घायल कर दिया ग्रामीणो ने बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

रटौल निवासी आशीष पुत्र विनय सैनी घर की छत पर सोया हुआ था तभी बंदरो के एक झुड़ ने उस पर हमला बोल घायल कर दिया परिजनो ने देखा तो उसे बचाने दौड़ पर और युवक को घायल अवस्था में निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया ग्रामीणो ने बताया की रटौल में बंदरो का आतंक बना हुआ है बंदर एक सप्ताह में सुनील,मनोज,मोनू,विनय,कमलेश, सुखबीर आदि पर हमला बोल घायल कर चुके है वही दो वर्ष पहले मे रटौल में बंदरो ने हमला बोल 50 लोगो को घायल किया था ग्रामीणो ने उच्च अधिकारीयो से बंदरो को पकड़वाने की मांग की है।

महरमपुर गांव में हर्ष के लेफ्टिनेंट बनने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

चांदीनगर क्षेत्र के मेहरमपुर गांव में हर्ष की जैसलमेर में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति होने पर अहिंसा सेवा ट्रस्ट ने हर्ष को फूल मालाओं से एव गिफ्ट देकर पटका पहनाकर सम्मानित किया।

महरमपुर के युवक के लेफ्टिनेंट बनने पर खटटा प्रहलादपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे युवक को सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि के तौर पर संजय डीलर ने कहा कि हर्ष ने गांव का नाम रोशन किया है इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि हर्ष के लेफ्टिनेंट बनने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और कहा की हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रणवीर चौधरी एवं अध्यक्षता ग्राम प्रधान यशवीर सिंह ने की। हर्ष के पिता उत्तर प्रदेश पुलिस रिटायर और माता हाउसवाइफ है इस अवसर पर इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी शुभम जैन, बालेश्वर, श्यामलाल पहलवान, राहुल, राजवीर, गुलाब सिंह, चंदन सिंह, एवं ग्राम समाज और क्षेत्र के काफी लोग उपस्थित रहे।

तृतीय जीरो वेस्ट इंवेट मनाया

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

रटौल। नगर पंचायत रटौल द्वारा तृतीय जीरो वेस्ट इंवेट मनाया गया। जिसके अंतर्गत कार्यालय नगर पंचायत रटोल प्रांगण में शीतल जल शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रतिबंध प्लास्टिक के बिना व बिन प्री किया गया। इवेंट मैं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के ब्रांड अंबेसडर डॉ मिनाज द्वारा नागरिकों से यह अपील भी की गई की सभी नागरिक सिंगल यूज प्लास्टिक वह पॉलिथीन का प्रयोग न करें और न किसी को करने दे। साथ ही अपने घरों में खाली स्थान पर वृक्ष लगाए। नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना सहयोग करें। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष जुनैद फरीदी,व समस्त सभासद गण व अधिशासी अधिकारी वीरज कुमार त्रिपाठी, महबूब अली, सचिन कुमार, आदि का सहयोग रहा।

योग शिविर के प्रति महिलाओ मे जबरदस्त उत्साह

नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत।भारतीय योग संस्थान शाखा दिगंबर जैन इंटर कॉलेज बड़ौत के सौजन्य से बड़ौत के दिगंबर जैन इंटर कॉलेज बी फील्ड मे चल रहे 7 दिवसीय योग शिविर के चौथे दिन 50 से अधिक साधक साधिकाओ ने योग साधना का अभ्यास किया । सुबह 5 बजे से ही शिविर मे महिलाओ और बच्चों की भारी उपस्थिथि रही। योग साधक साधिकाओ द्वारा,शाखा अध्यक्ष अरविंद शर्मा के निर्देशन मे योग क्रियाएँ की गयी। शिक्षिका संध्या द्वारा पैरो के सूक्ष्म व्यायाम कराये गए।शिक्षिका मंजु द्वारा अनुलोम विलोम, कपाल भारती का अभ्यास कराया गया। राजकुमार रोहेला द्वारा घुटने के व्यायाम कराये गए। शिविर मे अरविंद शर्मा,राजकुमार रुहेला, वरदान जैन, शिव प्रकाश जैन, अक्षय जैन,सुरेंद्र जैन, अतुल जैन,अनिल जैन, धनेंद्र जैन, राजेंद्र शर्मा,संध्या, मंजु,पूजा, कमलेश,अर्चना आदि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने डौला में मनरेगा योजना से हुए कार्यों का किया निरीक्षण

मनरेगा के अंतर्गत कार्यों में ना हो कोई लापरवाही

युरेशिया संवाददाता

बागपत ।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शासन की मनरेगा योजना के अंतर्गत आज ग्राम डौला में खेल के मैदान में 2022-23 में यह परियोजना वृक्षारोपण के लिये विकासखंड की तरफसे बनाई गई थी जिसके क्रम में आज वृक्षारोपण का सत्यापन किया जिसमें करीब 200 पौधे लगाए गए थे जिसमें से सौ सवा सौ पौधे नष्ट पाए गए जिन्हें जिलाधिकारी ने उन्हें गड्ढे खोदकर पुनः पौधे लगाए जाने के निर्देश दिए जिसके लिए शासन द्वारा तीन वर्षों के लिए 55हजार रुपए गड्ढे खोदने व पौधों के रखरखाव लिए दिए गए थे जो पौधे नष्ट हो गए हैं उन्हें बरसात के समय पुन लगाया जाएगा जिलाधिकारी ने कहा श्रम से जो रोजगार मिल सकता है यह बहुत महत्वपूर्ण है जो प्रतिदिन 237 रुपए मनरेगा मजदूरी मनरेगा के श्रमिक को मिल जाती है श्रमिकों के लिए योजना के प्रति ध्यान देने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

जनपद का वर्ष 2023 -24 का लक्ष्य 63000 का था जिसमें 43000 का ही सदुपयोग किया गया 20000 का मंडेज का मनरेगा का सदुपयोग नहीं किया गया जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की, 2024 -25 में जो शासन से लक्ष्य मिले उससे कम कार्य नहीं होना चाहिए जिससे लोगों को रोजगार मिल जाए और जो क्षेत्र में अब स्थापना सुविधा के कार्य जैसे वृक्षारोपण ,नाली, चक रोड है उनका भी लोगों को कार्य मिलेगा जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा और उन्हें एक धनराशि भी प्राप्त होगी।

जिलाधिकारी ने कहा मनरेगा योजना के कार्यों में किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जो भी क्षेत्र में कार्य किए गए हैं वे सभी कार्य व्यवस्थित तरीके से होने चाहिए मनरेगा के कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा डॉक्टर अजीत सिंह ,खंड विकास अधिकारी पिलाना अनुज मिश्रा उपस्थित रहे।

आर्य समाज मानव निर्माण की एकमात्र कार्यशाला-बबीता तोमर

आर्य वीरांगना योग एवं चरित्र निर्माण अवश्य शिविर का हुआ भव्य समापन।

नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में बड़ौत नगर के चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में चल रहे आर्य वीरांगना योग एवं चरित्र निर्माण आवासीय शिविर का भव्य समापन समारोह बुधवार को आसन, पीटी ,सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार ,जूडो कराटे, डंम्बल ,लेजियम ,लाठी, पिरामिड, भाला, रस्से के आसन एवं तलवार के विशेष प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। शिविर की मुख्य अतिथि बबीता तोमर ने कहा आर्य समाज मानव निर्माण की एकमात्र कार्यशाला है। शरीर को स्वस्थ रखना दुनिया में सबसे आवश्यक कार्य है।युवा पीढ़ी विकारों से दूर रहे। वर्तमान समय में हमारे बच्चे अच्छी विचारधारा को आत्मसात करते हुए जीवन में आगे बढ़े। मेहनत करें, बड़ों का सम्मान करें, ईमानदारी का जीवन जीएं। यही विद्यार्थी जीवन का परम लक्ष्य होना चाहिए। आर्य समाज के लोग शिविरों के माध्यम से बच्चों को संस्कारवान बनाने का कार्य कर रहे हैं। यह बधाई के पात्र हैं। सुधार के कार्यक्रम में व्यापकता लानी चाहिए। आज युवा पीढ़ी नशे की ओर आकर्षित हो रही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं तभी एक अच्छे समाज का निर्माण हो सकता है।

विशिष्ट अतिथि सत्यवती आर्या ने कहा हमें बेटियों के निर्माण करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम लगातार चलाने होंगे ,तभी जाकर के समाज में जन जागरण हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर गीतांजलि तोमर ने की। कार्यक्रम संचालन करते हुएं सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बताया बेटियों के निर्माण के लिए जुलाई माह से लगातार विद्यालय में यह अभियान जारी किया जाएगा। ताकि हमारे बच्चे संस्कारवान बन सके। बच्चों का निर्माण करना ही हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाएं डॉक्टर शश्या तोमर , सविता आर्या, राजेश उज्जवल , मीनाक्षी सिसोदिया, डॉ मनीष तोमर , प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य प्रधानाचार्य रामपाल तोमर,कपिल आर्य , धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य,राजेश उज्जवल, सुमेधा आर्या,मीरा वर्मा, प्राचार्य अनु चौधरी, प्राचार्य महेंद्र लाम्बा आदि उपस्थित रहे।

हरित प्राण ट्रस्ट ने पेड़ के तने से लोहे का ड्रम काटकर पेड़ को दी खुली हवा

स्थानीय निवासियों ने की हरित प्राण ट्रस्ट की भूरी भूरी प्रशंसा।

नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। पर्यावरण के क्षेत्र मे अग्रणी संस्था हरित प्राण ट्रस्ट ने अमीनगर सराय मार्ग पर पिलखन के बड़े पेड़ के तने मे फंसे बड़े लोहे के ड्रम को काटकर उसे खुली हवा दी। दिल्ली सहारनपुर रोड से सराय रोड की तरफ जाने वाले मोड पर एक बड़ा पिलखन का पेड़ है जिसके चारों तरफएक लोहे का ड्रम फंसा हुआ है ।जब इसे रोपा गया होगा तो इसकी सुरक्षा के लिए लोहे के एक ड्रम से इसे कवर कर दिया गया होगा । अब वर्षों बाद जब पेड़ बड़ा हुआ तो लोहे का जो ड्रम इस पेड़ की आवारा पशुओं से सुरक्षा कर रहा था उसी ने उसके तने को चारो और से दबा दिया । खुल कर सांस न ले पाने के कारण पेड़ कराह रहा था । संगठन के कार्यकर्ता विपिन मलानिया द्वारा चार दिन पूर्व इस पेड़ के बारे मे संगठन को अवगत कराया गया। टीम हरित प्राण ने इस पेड़ का सर्वे करके इस पेड़ को मुक्त करने का संकल्प लिया । आज हरित प्राण के अनेकों सदस्य पेड़ के पास पहुँचे और बड़ी मशक्कत के बाद ग्राइंडर से लोहे के ड्रम को काट कर पेड़ के तने को इस ड्रम से जो इसकी जान का जंजाल बन गया था से मुक्ति दिलवाई । मौक़े पर उपस्थित लोगो ने हरित प्राण की भूरी भूरी प्रशंसा की । हरित प्राण के अध्यक्ष डॉ दिनेश बंसल ने कहा कि आज वर्तमान समय मे लोगो को 46 डिग्री तापमान का समाना करना पड रहा है जिसके लिए हम स्वंय जिम्मेदार है। विकास की चकाचौंध मे हमने प्रकृति का विनाश कर कंकरीट के पहाड़ खडे कर दिए है। यदि अब भी मनुष्य प्रकृति की रक्षा के लिए कटिबद्ध नहीं हुआ तो 55 डिग्री तापमान के लिए हमें तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया की हरित प्राण ट्रस्ट की तरफसे प्रकृति की रक्षा के लिए इस प्रकार के अभियान हमेशा चलाए जाते रहेंगे।आज का यह कार्यक्रम विकास मलानिया के निर्देशन में पूरा किया गया। जिसमे हरित प्राण ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश बंसल, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर अरविंद कुमार, सचिन गुप्ता, अनिल महादेव, आशुतोष बंसल, वरुण बंसल

जवाहरपुर मेवला गांव में कराया गया हनुमान चालीसा का पाठ

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। समाज सुधार सेवा समिति जवाहरपुर मेवला द्वारा गांव के शिव मंदिर में विधि-विधान के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया।

इसमें सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी भक्तों ने जय श्री राम व जय श्री बजरंगबली जी के जयकारे लगाए। पूरा मंदिर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। हनुमान चालीसा के पाठ के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। गांव के शिव मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। इसमें निरंतर बच्चों व युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और वह हनुमान चालीसा के पाठ में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा देहात मंडल अध्यक्ष सुनील मेवला राकेश आर्य प्रशांत गुर्जर प्रवेश मेवला संदीप गुर्जर राहुल अंकित तोंगड़ निशांत अरुण गुर्जर महाराज सिंह एडवोकेट मोहित कुमार रोहित मास्टर वरुण मुंडेल कमलदीप मुंडेल दिवेश अनुज चौधरी अक्की गुर्जर हैप्पी निखिल आदि मौजूद रहे।

धार्मिक शिक्षण शिविर के समापन पर विजेता बच्चों को किया गया पुरस्कृत

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। नगर के मुन्नालाल एनक्लेव स्थित श्री चंद्र प्रभु चौतालय में चल रहे साप्ताहिक जैन धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन हो गया। समापन अवसर पर विजेता बच्चों को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। शिविर में जैन धर्म की शिक्षा और संस्कार को अर्जित करने आये बच्चों ने जैन धर्म से सम्बन्धित एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। पहली कक्षा में पार्शवी जैन ने प्रथम, शिवी जैन ने द्वितीय तथा रूपा जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा दूसरी क्लास में अतिशय जैन प्रथम, विधान जैन द्वितीय तथा ईशी जैन तृतीय स्थान पर रही। छहढाला में मधु जैन ने प्रथम, पूनम जैन ने द्वितीय तथा सुधा जैन ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। शिविर का आयोजन सुप्रसिद्ध समाज सेविका पूनम जैन के निर्देशन में किया गया। पूनम जैन ने बताया कि एक सप्ताह तक चले इस शिविर में बच्चों और बड़ो को जैन मंदिर में पूजन का प्रशिक्षण दिया गया और जैन धर्म के सिद्धांतो को पढ़ाया गया। इसके साथ-साथ छहढ़ाला, इष्टोपदेश आदि की व्याख्या के साथ शिक्षा दी गयी। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष संदीप जैन, पंडित हंसराज जैन, अनिल जैन, सुधा जैन, संतोष जैन, अजय जैन, अंशुल जैन, राजा जैन सहित काफी लोग उपस्थित थे।

शिक्षक नेता ने दो सूत्रीय मांगो को लेकर डीएम कार्यालय पर दिया एक दिन का सांकेतिक धरना

नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। शिक्षक नेता जितेंद्र तोमर ने दो सूत्रीय मांगो को लेकर बुधवार को डीएम कार्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। अपनी मांगो मे उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-2024 व 2024-2025 में माध्यमिक स्कूलों से सेवानिवृत्त हुए सभी प्रधानाचार्यो, प्रवक्ताओं, शिक्षकोंशिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उनके जी पी एफफंड का भुगतान तुरंत कराया जाये इसके साथ ही ग्राम पंचायत सिरसली के हौद तालाब की खुदाई सफाई हेतु स्वीकृत 43 लाख 39 हजार रूपए की ग्रांट दिलाई जाये। उन्होंने बताया कि 12 जून को स्पीड पोस्ट डाक से डी आई ओएस व डीएम को जी पी एफफंड भुगतान की मांग को लेकर आवेदन दिया था। जिस पर 24 मई को सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी थी। लेकिन जीपी एफकी कोई समस्या हल नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह अनिश्चितकालीन धरना देने पर मजबूर होंगे।

मेहरमपुर के हर्ष के लेफ्टिनेंट बनने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल

अहिंसा सेवा ट्रस्ट ने हर्ष को किया सम्मानित।

नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। जनपद के चांदीनगर क्षेत्र के मेहरमपुर गांव में हर्ष की जैसलमेर में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति होने पर क्षेत्र मे खुशी का माहौल है। हर्ष को सम्मानित करने के लिए अहिंसा सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व मे एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियो द्वारा हर्ष को फूल मालाये और पटका पहनाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संजय डीलर ने कहा कि हर्ष ने गांव का नाम रोशन किया है। हर्ष की इस उपलब्धि पर पूरे जनपद को गर्व है। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि हर्ष के लेफ्टिनेंट बनने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है। हर्ष जनपद के सभी युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे है। युवा वर्ग को इनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य पर जुट जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रणवीर चौधरी एवं अध्यक्षता ग्राम प्रधान यशवीर सिंह ने की। हर्ष के पिता उत्तर प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत है और माताजी गृहनी है। हर्ष ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनो को दिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी शुभम जैन, बालेश्वर,श्यामलाल पहलवान, राहुल, राजवीर,गुलाब सिंह,चंदन सिंह एवं ग्राम समाज और क्षेत्र के काफी लोग उपस्थित रहे।

प्रत्येक जिले में रेड क्रॉस को शीघ्र कराया जायेगा भवन उपलब्ध- बृजेश पाठक

अभिमन्यु गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का लखनऊ में किया अभिनंदन।

नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ उत्तर प्रदेश की मैनेजिंग कमेटी की बैठक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सभापति की अध्यक्षता में रेड क्रॉस भवन केसर बाग मे आयोजित हुई। बैठक में बागपत जनपद की ओर से सचिव एवं मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अभिमन्यु गुप्ता ने पटका पहनाकर एवं पगड़ी ओढाकर बृजेश पाठक का अभिनंदन किया। बैठक का संचालन महासचिव डॉक्टर हिमा बिंदु नायक ने किया। बैठक में जिलों में रेड क्रॉस सोसाइटी को शीघ्र ही जिलाधिकारियो के माध्यम से भवन उपलब्ध कराया जाएगा जिससे रेड क्रॉस का कार्य तीव्र गति से सुचारू रूप से चल सके। उपमुख्यमंत्री ने 70 जिलों से पधारे प्रतिनिधियों से अनुरोध किया की अधिक से अधिक समाज के लोगो को रेड क्रॉस आंदोलन से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी जिलों के कोष को रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियो के नाम खाता संचालन का अधिकार देने का पत्र लिखने का भी निर्णय लिया। इस दौरान बागपत जनपद से छपरौली निवासी राहुल गुप्ता अभिमन्यु गुप्ता के साथ रहे।

श्री निर्गथ जैन पाठशाला में प्रतिभाशाली बच्चों को किया गया सम्मानित

युरेशिया संवाददाता

बड़ौत नगर के श्री निर्गंथ जैन पाठशाला अंतर्गत भारतीय जैन महासंघ अतिथि भवन बडौत, ने बच्चों के इस वर्ष के पाठ्यक्रम के समापन समारोह को आयोजित किया गया। अतिथि भवन बडौत के हाल मे बुधवार को हर्ष उल्लास के साथ किया गया। और सभी बच्चो ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया वहीं छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बढ़कर हिस्सा लिया।सभी वर्ग के बच्चों को प्रथम,द्वितीय,तृतीय पुरस्कार से सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया एवम संचालिका रीचा जैन,सपना जैन,मीताली जैन,बबीता जैन को भी रोटरी क्लब बड़ौत के पदाधिकारीयों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी क्लब के पदाधिकारी नवीन जैन सर्राफ,सुभाष जैन ढोलक बीडी, अनिल अरोरा,प्रो0रूचिका जैन निर्देशका पाठशाला, अतुल जैन उत्तर प्रदेश मन्त्री, अखिल जैन जिला उपाध्यक्ष,मनीष जैन नगर अध्यक्ष भारतीय जैन महासंघ आदि सम्मिलित हुए ।

संपादकीय

हादसों की हद
बंगाल ट्रेन त्रासदी से सबक सीखें



संजय त्यागी 'महादेव'

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जनपद में कंचनजंगा एक्सप्रेस को मालगाड़ी द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने से हुई क्षति बताती है कि बीते वर्ष ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस के भीषण हादसे से हमने कोई सबक नहीं सीखा। कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे में मरने वालों की संख्या ग्यारह बतायी जा रही है और चालीस से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीते साल रेलवे इतिहास की बड़ी दुर्घटनाओं में शामिल कोरोमंडल एक्सप्रेस और दो अन्य ट्रेनों में हुई टक्कर में 290 से अधिक लोगों की जान चली गई थीं। उल्लेखनीय है कि कंचनजंगा ट्रेन हादसे में मरने वालों में मालगाड़ी के चालक व सहचालक भी शामिल हैं। हालांकि दुर्घटना का वास्तविक कारण जांच के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन बताया जा रहा है कि रानीपतरा रेलवे स्टेशन व छत्तर हाट जंक्शन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली दुर्घटना से तीन घंटे पहले से ही खराब थी। हमेशा की तरह मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख का मुआवजा देने की घोषणा हुई है। साथ ही दुर्घटना की वजह तलाशने और जवाबदेही तय करने की बात कही जा रही है। पहले उम्मीद जगी थी कि बालासोर त्रासदी से सबक लेकर रेल दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएंगे, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदलते नजर नहीं आ रहे हैं। रेलवे तंत्र में कोताही का नमूना इस साल फरवरी में देखने को मिला था जब कठुआ से दासुया (पंजाब) के बीच लगभग सत्तर किलोमीटर दूरी तक एक मालगाड़ी बिना चालक के चली गई थी। सौभाग्य की बात है कि इस ट्रैक पर किसी रेल के न आने से दुर्घटना टल गई थी। बहरहाल, कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। बढ़-चढ़कर बताया जा रहा है कि सत्ता व विपक्ष में से किसके कार्यकाल में ज्यादा रेल दुर्घटनाएं हुईं। बहरहाल, रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिये बनायी गई टक्कर रोधी तकनीक के क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कहा जा रहा कि व्यस्त पूर्वोत्तर मार्ग पर यदि इसका क्रियान्वयन होता तो शायद इस दुर्घटना को टाला जा सकता था।

सवाल यह है कि रेल मंत्रालय मानवीय भूल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को टालने के लिए गंभीर पहल क्यों नहीं करता। क्यों रेल दुर्घटनाएं रोकना सत्ताधीशों की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं होता? जिस ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली 'कवच' को चरणबद्ध तरीके से जल्दी से लागू किया जाना चाहिए था, उस पर कछुआ गति से काम क्यों हो रहा है? एक ओर देश में बुलेट ट्रेन और तेज गति से चलने वाली अन्य ट्रेनों की बात की जा रही है, वहीं सामान्य गति से चलने वाली ट्रेनों को भी दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में हम विफल साबित हो रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि देश में फास्ट ट्रेनों की चकाचौंध व ग्लैमर के बजाय सामान्य गति की ट्रेनों की सुरक्षा को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि रेलवे में रिक्त पड़े लाखों पदों को नहीं भरा जा रहा है, जिससे रेलवे बढ़ती आबादी के दबाव में सुरक्षित रेल सेवा उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। आखिर हम इन रेल हादसों से सबक कब लेंगे? निस्संदेह, रेल यातायात को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये बुनियादी ढांचे में सुधार व अधिक निवेश की जरूरत है। हम अतीत के हादसों से सबक लेकर परिचालन व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करें। हादसों की जवाबदेही तय हो ताकि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। वक्त की जरूरत है कि दुर्घटनाओं को टालने के लिये, जितना जल्दी हो सके अधिक दबाव वाले इलाकों में 'कवच' योजना को क्रियान्वित किया जाए। इसके अलावा पटरियों के रख-रखाव के लिये आवंटित फंड का उचित उपयोग किया जाए। साथ ही बुनियादी ढांचे में सुधार, दुर्घटना टालने को आधुनिक तकनीकों का उपयोग तथा नई चुनौतियों से मुकाबले के लिये रेलवे कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने की भी जरूरत है। यह भी कि रेलवे के आधुनिकीकरण के लिये वित्तीय संसाधन जुटाए जाएं ताकि यह न कहा जा सके कि असुरक्षित पटरियों पर लचर संचालन प्रणाली दुर्घटनाओं की वजह बन रही है। दुर्घटनाओं का सिलसिला तभी थमेगा जब यात्रियों की सुरक्षा रेल मंत्रालय व सरकार की प्राथमिकता बनेगी।

रिसते रिश्तों की अबूझ दास्तां
तिरछी नजर

शमीम शर्मा

एक बार बस में बैठे किसी व्यक्ति ने साथ वाली सीट पर बैठे सज्जन से पूछा कि तुम्हारी क्या जाति है? उसने जवाब दिया- जाट हूं। पहले वाले आदमी ने जिज्ञासावश पूछा कि भाई ये जाट किसमें आते हैं? वो आदमी बोला- भाई जेब में पैसे फुल्ल हों तो फार्चूनर में आते हैं अर नहीं तो बस में ही आते हैं। और रुपये और बेशुमार हों तो ये रामजी के बस में भी नहीं आते। सभी जातियों की अपनी-अपनी चारित्रिक खासियत होती हैं। सभी जातियों की अपनी-अपनी लक्ष्मण रेखायें भी हैं। वैसे चाहे एक जाति के लोगों का ही आपस में कुत्ते-बिल्ली का वैर हो पर चुनावों में इनका एक्का अच्छे-अच्छों को पानी पिला देता है।

कहने में तो यही आता है कि सबसे घनिष्ठ खून के रिश्ते होते हैं पर चुनावों में सिद्ध हो जाता है कि असली रिश्ते जातिगत हैं। जातियों का समीकरण ही जीत-हार की पटकथा लिखता है। कई नेता तो जातिगत गणना करवाने पर आमादा हैं। जाति की कीलें इतनी गहरी गड़ चुकी हैं कि जाति प्रथा इस देश से जाती ही नहीं। और जाए भी तो कैसे क्योंकि हमारे नेताओं की नैया इन्हीं के सहारे तैरती-डूबती है। नेतागण इन्हें कभी जाने भी नहीं देंगे।

सभी रिश्ते जातिगत या खून के ही नहीं होते, कुछ खून चूसने के भी होते हैं। कुछ लोगों का जीवन होता ही मच्छरों की तरह है। वे दुनिया में सिर्फ खून पीने ही आते हैं। अक्सर घरों में जमीन-जायदाद को लेकर भाई अपने ही भाई के खून के प्यासे हो जाते हैं। ऐसी मनोवृत्ति के लोगों को देखकर ही किसी शायर ने कहा है

मयखाने से पूछा आज इतना सन्नाटा क्यों है
बेटा! लहू का दौर है शराब पीता कौन है।

गजब समय आ गया है। खून के नाते भी अब ढीले होते जा रहे हैं। सिर्फ जीने-मरने पर ही इन रिश्तों में आहट सुनाई देती है अन्यथा खामोशी। पता नहीं खून में खराबी आ गई है या मनों में मुटाव? ये रिश्ते कई बार तो खून के आंसू रुला देते हैं। एक सत्य यह भी है कि कभी-कभी अजनबी रिश्ते खून के रिश्तों से बड़े हो जाते हैं।

एक बर की बात है अक किसी बानिये नैं खून देकै चौधरी की जान बचा ली। चौधरी नैं अपणी जान बचण की खुशी मैं बानिये ताहिं एक होंडा सिटी कार दे दी। कुछ टैम बाद चौधरी कै फेर खून की कमी पड़गी तो बानिये नैं फेर खून देकै उसकी जान बचाई। ईबकै चौधरी नैं उस ताहिं दो किल्लो लाड्डू दिये तो बानिया बोल्या- के बात सिर्फ लाड्डू? चौधरी बोल्या- भाई! ईब मेरे बदन म्हां बानिये का खून दौड़ रह्या है।

एकदा
सेवा-धारा का प्रवाह

समरपुर गांव में नदी किनारे एक महात्मा जी का आश्रम था। चारों ओर का वातावरण सुख शांति से भरा था। महात्मा जी से ज्ञान प्राप्ति हेतु कई शिष्य आते। एक दिन महात्मा जी ने शिष्यों से कुएं और नदी से जल लाने को कहा। कुछ ही देर में जल पात्र में जल लेकर लौटे। कुएं के जल लाने वालों से पूछा, 'क्या विशेषता रही?' शिष्य सोच में पड़ गए। यही प्रश्न नदी से जल लाने वालों से पूछा। पर कोई भी सही जवाब नहीं दे सका। सभी शिष्यों से महात्मा जी ने कहा, 'कुएं के जल से प्यास तभी बुझ सकती है जब कोई एक व्यक्ति किसी जल पात्र को रस्सी से बांधकर कुएं से पानी निकाल पाता है। लेकिन नदी का जल जो उसके किनारे पहुंचता है, सभी जीव-जंतुओं और प्राणियों की समान रूप से प्यास बुझाता है। इसलिए जीवन में नदी की तरह बनकर सबके लिए सेवा-भावी बनो।'

प्रस्तुति : दिनेश विजयवर्गीय

भीषण गर्मी से खुला काम करने वाले मजदूरों को सबसे ज्यादा नुकसान क्यों ?

प्रियंका सौरभ

रिसर्च स्कॉलर, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार

भारत में हाल ही में आई भीषण गर्मी से डेली वर्कर्स, विशेषकर डिलीवरी कर्मियों, ईंट-भट्ठों पर काम करने वालों और दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए कामकाजी परिस्थितियां गंभीर हो गई हैं। भीषण गर्मी ने खुला काम करने वाले वर्कर्स के लिए कठोर कार्य स्थितियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। इस भीषण गर्मी में कई लोग खुले वातावरण और गर्म मौसम में काम करने के लिए मजबूर हैं। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अक्सर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफपानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है।इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

भारत में हाल ही में आई भीषण गर्मी ने कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा दिया है , जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण से पीड़ित हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं । ये नौकरियाँ लचीलापन प्रदान करती हैं, लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोजगार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है।

अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अक्सर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफपानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है।इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं।

ऐसे विपरीतसमय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करनाबहुत जरूरी है। उदाहरण के लिएरू राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा। वर्कर्स के लिए एक न्यूनतम वेतन नीति स्थापित करना ताकि एक स्थिर आय और न्यूनतम भुगतान किए गए घंटे या कमाई सुनिश्चित हो सके। जैसे सिंगापुर के प्रस्तावित विधायी परिवर्तनों में श्रमिकों के लिए कार्य-चोट बीमा और पेंशन कवरेज का विस्तार करना शामिल है, जिसका भारत भी अनुकरण कर सकता है।

वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता देना या उन्हें समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करना समय की मांग है। इसमें संगठित होने और यूनियन बनाने का अधिकार शामिल है। उदाहरण के लिएरू यूके और कैलिफोर्निया में कानूनी लड़ाइयों के कारण वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता मिली है, जो न्यूनतम वेतन और अन्य लाभों के हकदार हैं । सुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने के लिए जिसमें सुरक्षात्मक गियर, नियमित ब्रेक और चरम मौसम से श्रमिकों की सुरक्षा के उपाय शामिल हैं। उदाहरण के लिएरू निष्पक्ष व्यवहार और शिकायत निवारण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं , लेकिन इनको मजबूत करने की आवश्यकता है। स्वतंत्र श्रम न्यायालयों की स्थापना करना और यह सुनिश्चित करना कि उनमें मामलों को तुरंत और निष्पक्ष रूप से निपटाने की क्षमता हो। उदाहरण के लिएरू कतर की श्रम विवाद समितियों ने न्याय तक पहुँच में सुधार किया है , लेकिन देरी और प्रवर्तन संबंधी मुद्दे बने हुए हैं, जिसके लिए और सुधार की आवश्यकता है।

वर्कर्स की रोजगार क्षमता और आय क्षमता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करनाभी आवश्यक है। इसमें वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण शामिल हो। उदाहरण के लिएरू स्किल इंडिया जैसी सरकारी पहलों का विस्तार करके वर्कर्स को विशेष रूप से लक्षित किया जा सकता है , ताकि उन्हें प्रासंगिक कौशल और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और पहुँच को सरल बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सेवा वितरण में सुधार के लिए वर्कर डेटा को राष्ट्रीय श्रम डेटाबेस में एकीकृत करना श्रमिकों के लिए फायदेमंद स्कीम बनाने में सहायक होगा। उदाहरण के लिएरू भारत का ई-श्रम पोर्टल, जिसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है, वर्कर्स को शामिल करने के लिए इसका लाभ उठाया जा सकता है , ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें समय पर लाभ मिले।

भारत में वर्कर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और अच्छी तरह से लागू किए गए उपायों की आवश्यकता है। सामाजिक सुरक्षा, कानूनी मान्यता, बेहतर कार्य परिस्थितियाँ, न्याय तक पहुँच, प्रशिक्षण और बेहतर डिजिटल बुनियादी ढाँचा एक निष्पक्ष श्रमिक अर्थव्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यबल के इस बढ़ते हुए हिस्से की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित करना जारी रखना चाहिए, ताकि उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने लू प्रकोप से बचाव हेतु जारी किये दिशा-निर्देश

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिलाधिकारीध्अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मेरठ दीपक मीणा ने बताया कि लू से जन-हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए निम्न सावधानियां बरते- कड़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में, जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें, हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें , सफर में अपने साथ पानी रखें, शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। अगर आपका काम बाहर का है तो, टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आएं तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें, घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी, छाछ आम का पना इत्यादि का सेवन करें, जानवरों को छांव में रखें और उन्हे खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिडकियां खुली रखें। फैन, ढीले कपड़े का उपयोग करें। ठंडे पानी से बार बार नहाएं।

क्या करें, क्या न करें-

धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिडकी एवं दरवाजे खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे, नशीले पदार्थ शराब तथा एल्कोहल के सेवन से बचे, उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें, खड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण ले। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला ना छोडे। जहाँ तक संभव हो घर ने ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहे। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें।

शिवसेना ने मनाया स्थापना दिवस

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शिव सेना का 58वाँ स्थापना दिवस शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे मेरठ इकाई द्वारा छीपी टैंक स्थित शिव सेना कार्यालय परर बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यू.पी. प्रभारी धर्मेन्द्र तोमर ने कार्यालय पर भगवा झण्डा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा याद ?गारपुर निवासी सुमित वैश्य को शिव सेना का प्रथम सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे द्वारा आज ही के दिन मुंबई में 1966 को शिवसेना की स्थापना की, तब से लेकर आज-तक शिव सेना ने भारतीय राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाकर दिखा दिया कि महाराष्ट्र में शिव सेना को अनदेखा करके नहीं चला जा सकता। राजनैतिक भ्रष्टाचार ने शिव सेना को दो भागों में बांट कर कमजोर करने का प्रयास किया था लेकिन शिवसेना (उद्धव गुट) ने लोकसभा में नये नाम और चिन्ह के बाद भी 9 सीटों पर विजय पाकर सब को चौका दिया, इससे निश्चित है कि आगामी विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में ही नई सरकार का गठन होगा। तोमर ने कहा कि मेरठ जिला व महानगर इकाई को 50-50 हजार नये शिव सैनिक बनाकर पूरे मेरठ में कुल एक लाख नये शिव सैनिक तैयार करने है। इस अवसर पर अवनीश आर्य, मास्टर अजीज ठेकेदार, पंकज गुप्ता, प्रदीप सक्सेना ओमवीर शर्मा,सरफराज, शादाब, वकील, जसवीर सिंह, मुन्ना अमरनाथ, बन्टी, नवाबद्दीन, रजत सिंह, मोनू कुमार इसराइल, उमर, बिक्की, नरेश, गुलदीप बिरजू, दिलशाद, वसीम, रिजवान चौधरी, नदीम चौधरी, अजमल, मौसम, गुलफाम, मइनुद्दीन, सद्दाम, नौशाद, शमशाद, अमित पाल, मुजाहिद, अलीशा, आस मौ, गुलशन कुमार, नन्द कुमार, प्रदीप कुमार, रामसिह यादव, आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का 54 वा जन्मदिवस

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला में शहर कांग्रेस कमेटी मेरठ द्वारा जिला अध्यक्ष अवनीश काजला व शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के 54 वें जन्मदिन को धूमधाम से मना कर उनकी दीर्घायु की कामना की। कांग्रेस कार्यालय बुढ़ाना गेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण किया। राहुल गांधी भारतीय राजनीतिज्ञ और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (प्छब्) पार्टी के प्रमुख नेता हैं, जिन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पदयात्रा व भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल कर विश्व मे कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला अध्यक्ष अवनीश काजला जिला ने कहा कि राहुल जी का जन्म 19 जून 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के पुत्र हैं। राहुल गांधी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दून स्कूल से की और बाद में हार्वर्ड विश्वविद्यालय और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रिनिटी कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राहुल जी की बाल अवस्था में ही उनकी दादी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की हत्या उनके सुरक्षा कर्मियों ने कर दी थी। व उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की चुनाव प्रचार के दौरान आतंकवादी संगठन द्वारा हत्या कर दी गई थी। राहुल जी ने बाल अवस्था में ही अपनी दादी व अपने पिता को देश के लिए बलिदान होते हुए देखा है, उनमें व उनके परिवार में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है।

शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने कहा कि राहुल जी ने 2004 में राजनीति में प्रवेश किया और अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार लोकसभा सदस्य बने।

राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है और भारतीय राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं। प्रदेश सचिव रंजन शर्मा ने कहा कि भारत की राजनीति में राहुल गांधी ही एक मात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने जनता की आवाज बन कर मोदी सरकार का दृढ़ता पूर्वक सामना किया। प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर ने कहा कि राहुल गांधी का राजनीतिक कैरियर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों से भरा है। 2004 में अमेठी से लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद, उन्होंने युवाओं और किसानों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। भूमि अधिकरण बिल लाकर देश के किसानों की दशा बदलने का कार्य किया।2007 में भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई (छैन्ब्) के संगठनात्मक सुधार में प्रमुख भूमिका निभाई, जिससे युवा नेतृत्व को बढ़ावा मिला। राहुल गांधी के नेतृत्व ने पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की, विशेषकर युवा और सामाजिक मुद्दों पर उनके ध्यान केंद्रित करने के कारण, 2024 के आम लोकसभा चुनाव में उन्होंने भारतीय संविधान की रक्षा करने व युवाओं को रोजगार देने का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर धूम सिंह गुर्जर, सतीश शर्मा, ठाकुर तेजवीर सिंह, दो बबीता गुर्जर, सुनीता मंडल, विनोद सोनकर, केडी शर्मा, नईम राणा, यासर सैफी, अनिल प्रेमी, फुरकान अंसारी, दुष्यंत सागर, सचिन शर्मा, अंसार अहमद,पीयूष रस्तोगी,मुनफेड अली, मोहम्मद शाकिर, सर सेवादल अध्यक्ष अमित गोयल,कपिल शर्मा,आदि उपस्थिति थे।

26 जून को विकास भवन सभागार में होगा किसान दिवस का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने बताया कि शासनादेश के परिपालन में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाता है, परन्तु आज 18 जून 2024 को किसान संगठनो से हुई बातों के क्रम में संगठनो द्वारा यह अवगत कराया गया है कि उनके ज्यादातर पदाधिकारी हरिद्वार यूनियन के समागम में गये है। इसलिए किसान दिवस माह के चतुर्थ बुधवार में आयोजन करने हेतु अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि जून माह के किसान दिवस का आयोजन चतुर्थ बुधवार दिनांक 26 जून 2024 को समय 11.00 बजे से 01.00 बजे तक जिलाधिकारी मेरठ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किया जाना है, उन्होने संबंधित समस्त अधिकारियों को समय से किसान दिवस बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया है।

बैंकों के माध्यम से अनुदान आधारित ऋण प्राप्त करने हेतु करें आवेदन-परियोजना अधिकारी डूडा

युरेशिया संवाददाता

मेरठ।परियोजना अधिकारी डूडा, मेरठ ने बताया कि जनपद मेरठ के अन्तर्गत पं0 दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत नगर निगम मेरठ के शहरी बेरोजगार लाभार्थियों जिनकी (वार्षिक पारिवारिक आय रू0 1.00 लाख से अधिक न हो), से स्वः रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यक्तिगत चरण अधिकतम 2.00 लाख एवं समूह में ऋण रु0 10.00 लाख से अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु बैंको के माध्यम से अनुदान आधारित ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदकों से आवेदन पत्र दिनांक 20.06.2024 से 08.07.2024 तक आमंत्रित किये जायेगें। ऋण आवेदन का प्रारूप किसी भी कार्य दिवस में डूडा कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर अपना आवेदन पत्र समस्त आवश्यक अभिलेख जैसे- आधार कार्ड, आय जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति, रू0 10 के स्टॉम्प पर शपथपत्र, प्रोजेक्ट स्टीमेट की प्रति, 02 फेटो के साथ कम्पलीट आवेदन पत्र दिनांक 08.07.2024 तक जमा कर सकते हैं। पात्र आवेदकों को बैंकों के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

चौदह न्यायालय भवन के सभागार कक्ष में की गई प्री-ट्रायल बैठक

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लघुवाद न्यायाधीशध्प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि से पूर्व चिन्हित वादों को शॉट लिस्ट करके उन्हें अन्तिम निस्तारण हेतु तैयार किया जाना आवश्यक है तथा तैयार किये गये चिन्हित वादों को निरन्तर नालसा पोर्टल पर अपलोड़ करवाने की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि दिनांक 13.07.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सकें। उक्त के अनुक्रम में आज दिनांक 19.06.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु ब्रजेश मणि त्रिपाठी, अपर जिला न्यायाधीशध्नोडल अधिकारी, लोक अदालत द्वारा समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ चौदह न्यायालय भवन के सभागार कक्ष में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी, जिसमें प्रशासनिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक जनता को लाभान्वित किया जा सके। उक्त बैठक में बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), श्रीमती सुधा तोमर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, विपिन कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत विभाग तथा राजेश कुमार, कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम, एस0के0 मजूमदार, वरिष्ठ प्रबन्धक, जिला अग्रणी बैंक, श्रीमती प्रीति पाण्डेय, यात्री कर अधिकारी, मेरठ द्वारा राष्ट्रीय फलोक अदालत में किस प्रकार अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सकता है, उक्त सम्बन्ध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये।

एक नजर..

नकुड के चोर पुलिस पर पड़ रहे हैं भारी

विकास शर्मायुरेशिया

नकुड।नकुड में चोरों के हौसले बुलंद होते दिख रहे हैं नकुड पुलिस चोरों को पकड़ने में पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है कुछ दिन पहले नकुड के अंदर मोटरसाइकिल चोरी हुई उससे पहले एक व्यक्ति के पैसे लेकर के रफूचक्कर हुए देर रात दुकान का शटर फाड़कर नगदी व कीमती सामान हुआ चोरी।

नगर में अज्ञात चोरों ने चोरी घटना को अंजाम दिया है देर रात चोरो ने नसिर की नई बस्ती में परचून की दुकान का शटर फाड़ कर नगदी व कीमती सामान ले कर फ्रार हो गये पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर चोरो को पकड़ने की गुहार लगाई है पीड़ित नासिर के अनुसार उसने अपनी भैंस एक बैच कर सारा मिला पैसा भी दुकान में रख लिया था उस पैसे को भी बीती रात चोरों उठा कर ले गए।

अंबेहटा नगर पंचायत सभागार में कार्यशाला का अयोजन

परवीन खानम /युरेशिया

अंबेहटा। बुधवार को नगर पंचायत सभागार मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर व जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्तम सिंह पुनिया द्वारा सफाई मित्रों गीले व सूखे कूडे के बारे मे विस्तार से बताते हुए उनका निस्तारण करने की प्रक्रिया बतायी गयी। इसके अतिरिक्त सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । आगामी स्वच्छ सेर्वक्षण 2024 के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यशाला के उपरान्त वेस्ट टू वंडर पार्क में पौधा रोपण किया गया जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर एडवोकेट नईम मलिक सहित स्वच्छ भारत मिशन के समस्?त पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये की लगाये गये पौधो की देख रेख कर उन्हे समय समय पर पानी दिया जाये व आस पास के क्षेत्रों मे पौधा रोपण किया जाये। इस दौरान सफाई कर्मचारी और सफाई नायक बाबु राकेश आदि उपस्थित रहे।

राजबाहे में पलटा अनियन्त्रित ट्रैक्टर, किसान की मौत, किसान के बेटे ने कूद कर बचाई जान

शेख़ मौ नादिर/युरेशिया

बेहट। खेत में जा रहे किसान का ट्रैक्टर अनियन्त्रित होकर राजबाहे में पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके पुत्र ने कूद कर जान बचाई। हादसे की सूचना बेहट पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला ओर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मामला बेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंडौल का हैं। बुधवार की सुबह रामू सैनी पुत्र कालूराम अपने 11 वर्षीय पुत्र वंश को ट्रैक्टर पर बैठाकर खेत में जुताई करने जा रहा था कि गांव से निकलते ही राजबाहे की पटरी के रास्तें में गड्ढा आ गया जिसमें ट्रैक्टर का पहिया पड़ते ही ट्रैक्टर अनियन्त्रित होकर पलटकर राजबाहे में जा गिरा। ट्रैक्टर को पलटता देखकर 11 वर्षीय वंश ने ट्रैक्टर से कूद कर अपनी जान बचाई जबकि रामू ट्रैक्टर के नीचे दब गया ओर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वंश ने ट्रैक्टर पलटने की सूचना गांव पहुंचकर परिवार वालों को दी। ट्रैक्टर पलटने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की घटनास्थल पर भीड़ एकत्र हो गई। हादसे की सूचना बेहट पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला ओर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया हैं।

ग्लोकल विश्वविद्यालय में कक्षाएं, परीक्षाएं और अन्य शैक्षणिक गतिविधिया रहेगी जारी

ईडी की कार्यवाही से ग्लोकल यूनिवर्सिटी के हजारों छात्रों को सता रहा था भविष्य का खतरा

शेख़ मौ नादिर/युरेशिया

बेहट। ग्लोकल यूनिवर्सिटी को ईडी द्वारा अटैच किए जाने की खबरों से हजारों छात्र छात्राए अपने भविष्य को लेकर चिंतित थे लेकिन, अब ग्लोकल यूनिवर्सिटी ने छात्रों से ना घबराने की अपील की है। ग्लोकल यूनिवर्सिटी का एक लैटर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे कहा गया है कि ग्लोकल विश्वविद्यालय के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा और सभी नियमित, कक्षाएं, परीक्षाएं और अन्य शैक्षणिक गतिविधिया रहेगी। पत्र में अपील की गई कि छात्र छात्राओं इससे किसी भी तरह से घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है। हालाकि विश्वसनीय सूत्रों की माने तो अभी तक ग्लोकल यूनिवर्सिटी को इस संबंध में कोई नोटिस भी नही मिला है।

आपको बता दे कि पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल के खिलाफईडी द्वारा लंबे समय से कार्यवाही की जा रही है। पिछले कई दिनों से ग्लोकल यूनिवर्सिटी को भी ईडी द्वारा अटैच किए जाने की खबरे मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है। सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यूनिवर्सिटी पर कार्यवाही की खबरे प्रमुखता से दिखाई जा रही है। ऐसी खबरों से यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हजारों छात्र छात्राएं और यूनिवर्सिटी में कार्यरत करीब सात सौ लोगो का स्टाफ सोचने को मजबूर है। अब सवाल ये उठता है कि यदि ईडी द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो हजारों छात्रों के भविष्य का क्या होगा, क्यूंकि यूनिवर्सिटी में क्षेत्रीय सहित देशभर के अलग अलग प्रदेशों और विदेशों के छात्र भी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। हालाकि विश्वसनीय सूत्रों की माने तो ईडी द्वारा ग्लोकल यूनिवर्सिटी को अटैच किए जाने से संबंधित कोई भी नोटिस अभी तक यूनिवर्सिटी प्रशासन तक नही पहुंचा है। जिससे यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं और कार्यरत स्टॉफअभी संतुष्ट नजर आ रहा है। सूत्रों का कहना है कि मीडिया में चल रही खबरों से यूनिवर्सिटी में इस तरह की कोई हलचल दिखाई नही दे रही और यूनिवर्सिटी में रोजाना की तरह कार्य हो रहा है। वही, दूसरी ओर ग्लोकल यूनिवर्सिटी के ग्लोकल कालेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर की ओर से जारी किया गया एक लैटर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालाकि पंजाब केसरी इस लैटर की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन वायरल हो रहे लैटर में ग्लोकल कालेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर के वाइस चांसलर जॉन फ्लिबे की ओर से कहा गया कि छात्रों की शिक्षा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। वायरल पत्र में लिखा गया है कि ग्लोकल यूनिवर्सिटी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्की के संबंध में सोशल मीडिया पर कई खबरें चल रही हैं। हम इन चिंताओं को दूर करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण प्रदान करना चाहेंगे। सबसे पहले हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि ईडी की कुर्की एक अस्थायी प्रक्रियात्मक उपाय है। यह प्रक्रिया चल रही जांच का हिस्सा है और विश्वविद्यालय के भीतर किसी भी परिचालन या वित्तीय संकट को प्रतिबिंबित नहीं करती है। ग्लोकल यूनिवर्सिटी का प्रबंधन यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहा है कि सभी कानूनी आवश्यकताएं पूरी हों और सबसे महत्वपूर्ण बात हम सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि इस विकास से विश्वविद्यालय के सामान्य संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सभी नियमित कक्षाएं, परीक्षाएं और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं कि शैक्षणिक प्रक्रिया या परिसर की किसी भी गतिविधि में कोई व्यवधान नहीं होगा। विश्वविद्यालय एक स्थिर और अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रश्न या चिंता के लिए सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क करने में संकोच न करें। वायरल हो रहे लैटर के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं और कार्यरत स्टॉफ अभी संतुष्ट नजर आ रहा है।

औषधि निरीक्षक निधि पांडे पर लगाए भ्रष्टाचार व शोषण के आरोप

उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से की कार्रवाई की मांग
फर्जी नोटिस का डर दिखाकर करती है शोषण, नकली दवा बेचने वालों पर रहम

युरेशिया संवाददाता

शामली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने औषधि निरीक्षक निधि पांडे पर निरीक्षण के नाम व फर्जी नोटिस का डर दिखाकर कैमिस्टों का शोषण करने व नकली दवा बेचने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए डीएम से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में डीएम से मुलाकात कर उन्हें एक प्रार्थना पत्र सौंपा। संगठन के महामंत्री संजीव कुमार ने बताया कि उन्होंने 29 मार्च 2024 को प्रदेश के मुख्यमंत्री से शामली की औषधि निरीक्षक निधि पांडे की भ्रष्टाचार एवं शोषण के संबंध में शिकायत की थी, इसके बाद मई माह में नायब तहसीलदार उमेश त्यागी ने जांच की थी। पीडित कैमिस्टों में से कुछ ने अपने लिखित बयान तहसीलदार को दिए थे लेकिन इसके बाद भी संगठन को कोई जांच रिपोर्ट नहीं मिली। उन्होंने बताया कि औषधि निरीक्षक जनपद शामली में निरीक्षण के नाम पर, फर्जी नोटिस का डर दिखाकर व धमकाकर तथा नए लाइसेंसों में साज खाकर कैमिस्टों का शोषण करती है। औषधि निरीक्षक ने आज तक ड्रग्स तथा नकली दवा बेचने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे लोगों को औषधि निरीक्षक ने संरक्षण दे रखा है। जनपद में नकली दवाईयों के संबंध में भी आज तक कोई जांच नहीं हुई जबकि हरियाणा पुलिस ने जनपद में अब तक कई ड्रग्स विक्रेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने डीएम से औषधि निरीक्षक के खिलाफकार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अनिल भार्गव, अनुराग जैन, पवन सिंघल, अरविन्द सिंघल, अनिल प्रजापति, श्वि कुमार प्रजापति आदि भी मौजूद रहे।

शामली जिले में अनुसूचित जाति के लोगों का हो रहा उत्पीडन

किसी भी मामले में आज तक नहीं हुई आरोपितों की गिरफ्तारी भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने एसपी से की मामले का संज्ञान लेने की मांग

युरेशिया संवाददाता

शामली। भीम आर्मी ने शामली जिले में अनुसूचित जाति के लोगों के उत्पीडन व पुलिस द्वारा उत्पीडन के आरोपितों के खिलाफकोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसपी से सभी घटनाओं का संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बुधवार को भीम आर्मी जिलाध्यक्ष अनुज भारती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस आफिस पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पिछले छह माह से शामली जनपद में अनुसूचित जाति के लोगों के उत्पीडन की घटनाएं लगातार बढती जा रही है। पुलिस नाम मात्र को एफ्आईआर लिखती है लेकिन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती इस कारण आरोपित खुलेआम घूमते हैं। उन्होंने बताया कि होली के त्यौहार पर गांव आल्दी में डीजे को लेकर दो पक्षों में झगडा हुआ था जिसमें दोनों ही पक्षों को चोटें आयी थी लेकिन पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए आरोपी सिर्फअनुसूचित जाति के लोगों को ही बना दिया जबकि अनुसूचित जाति के लोगों को ही गंभीर चोटें आयी थी। गांव बधेव में एक युवक को खेत में बुलाकर पीटा गया जो अनुसूचित जाति का है, इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी लेकिन पुलिस ने आज तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया। थानाभवन में मनीष हत्याकांड का खुलास भी आज तक नहीं हो पाया है। गांव भदौंडा में एक अनुसूचित जाति की महिला को घर में अकेला देखकर रिटायर्ड पुलिसकर्मी ने छेडछाड व जोर जबरदस्ती की गयी लेकिन आज तक आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने एसपी से सभी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। इस मौके पर रविराज, अंकुश गौतम, वीरेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र, सचिन, बलराम आदि भी मौजूद रहे।

करो योग रहो निरोग प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में बच्चों ने रखे अपने-अपने विचार

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में बुधवार को करो योग रहो निरोग विषय पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से योग के प्रति अपने-अपने विचार व्यक्त किए।शहर के श्री सत्यनारायण इण्टर कालेज में बुधवार को करो योग रहो निरोग विषय पर एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कालेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया तथा योग के प्रति अपनी-अपनी रूचि के अनुसार स्लोगन लिखे। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने छात्रध्छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति की दिनचर्या तथा खान-पान इतना अस्त व्यस्त हो गया है कि प्रायः लोगो का स्वास्थ्य खराब ही रहने लगा है और दवाईयाँ खाकर व्यक्ति अपना जीवन व्यतीत कर रहा है, किन्तु जो व्यक्ति प्रातःकाल योग करते है, दौड़ लगाते है, विभिन्न प्रकार के व्यायाम आदि करते है उनका स्वास्थ्य ठीक रहता है। अतः हम सभी को प्रतिदिन योग आदि करना ही चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रह सके। प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या से यह प्रदर्शित होता है कि छात्र-छात्राओं के अन्दर योग के प्रति बहुत रूचि है। अनेक छात्रध्छात्राओं ने बताया कि वे प्रतिदिन अपने घर पर प्रातःकाल के समय विभिन्न प्रकार के योग और आसन करते है जिससे वे स्वस्थ रहते है। छात्र-छात्राओं ने यह भी बताया कि वे अपने घर के अन्य सदस्यो को भी योग करने के लिए प्रेरित करते है। इस अवसर पर सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप (स्काउट प्रभारी), फूल कुमार, महेश नारायण गौड़, मनोज शर्मा, अश्विनि कुमार, प्रसून भार्गव, आशु बंसल, लक्ष्मी गर्ग, छवि शर्मा, अंजलि जैन, सीमा शर्मा, संजना गर्ग, श्रेणी, नीलम अग्रवाल, मोहित मित्तल, अरविन्द कुमार, लोकेश वर्मा भी मौजूद रहे।

दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल
समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोनु कश्यप (जिला प्रभारी)	मो0: 8630402509
प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी)	मो0: 9997171951
अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी)	मो0: 9759693305
मोनीन (नागल प्रभारी)	मो0: 9639221277
अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी)	मो0: 9720509609
नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी)	मो0: 6397074075
नादिर (तहसील बेहट प्रभारी)	मो0 9870984665
विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी)	मो0: 6396576517
शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी)	मो0: 9719777268
मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी)	मो0: 9675196324
सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी)	मो0: 9758712680
परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर)	मो0: 8410360786
शौकीन अहमद (निर्जापुर प्रभारी)	मो0 9720067900

21 जून को तहसील स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़। के एल जी एम इंटर कालेज नकुड में 21 जून को तहसील स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा,जिसके लिए उपजलाधिकारी नकुड श्री मति संगीता राघव ने सभी विभागों के कर्मचारियों को कार्यक्रम में भाग लेने के निर्देश देते हुए सभी ग्राम प्रधानों एवम आम जन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आव्हान किया है।

योग दिवस की तैयारी के संबंध में आहूत बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी श्री मति संगीता राघव ने कहा कि योग दिवस सभी के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करता है ,के एल जी एम इंटर कॉलेज नकुड में 21 जून को प्रातः 5रू30 पर सभी लोग एक साथ योगाभ्यास करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक नगर पालिका परिषद नकुड के अधिशासी अधिकारी श्री सुनील कुमार सरोज एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने भी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योग अभ्यास में भाग लेने का निवेदन किया है।

प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने बताया कि योगाभ्यास आर्ट ऑफलिविंग के सहारनपुर के जाने-माने योग गुरु आशीष शर्मा जी द्वारा कराया जाएगा जिसमें आर्ट ऑफलिविंग से जुड़े हुए सभी प्रबुद्ध वर्ग एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ साथ,कस्बे के गणमान्य नागरिक भी प्रतिभाग करेंगे।

अंबेहटा में बिजली की अघोषित कटौती बनी बड़ी समस्या

परवीन खानम/युरेशिया

अंबेहटा। गर्मी का मौसम आते ही विद्युत विभाग अघोषित कटौती व ट्रिपिंग की समस्या से निपटने के लिए असफ्ल रहता है। इन दोनों अंबेहटा नगर में बिजली की समस्या से नगर वासियों का बुरा हाल है।लो वोल्टेज व कटौती के कारण इनवर्टर बैटरी,मोबाइल सब डाउन है। छोटे-छोटे बच्चे गर्मी से बिलख रहे हैं। कुछ मिनट के लिए लाइट आती है इतने में पानी आता है तब तक लाइट दोबारा से चली जाती है। नगर में जर्जर तारों की भरमार है, उड़े हुए फ्यूज व टूटे हुए तारों को जोड़ते हुए लाइनमैन पूरे दिन

बिजली की समस्या से निपटने के लिए विभाग के पास कोई मास्टर प्लान नहीं है

झूझते नजर आते हैं। रात देर रात तक भी लाइनमैन टूटे तारों को जोड़ रहे हैं, किंतु भीषण गर्मी में तब भी पर्याप्त लाइट नहीं मिल रही है। प्रत्येक वर्ष उच्च अधिकारी लो वोल्टेज व जर्जर तारों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं।आखिर मई जून की भीषण गर्मी से पहले बिजली विभाग नगर की बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए योजना क्यों नहीं बनाता।

विद्युत कटौती से क्षुब्ध किसानों ने किया प्रदर्शन

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। भीषण गर्मी में विद्युत कटौती किए जाने से क्षुब्ध किसानों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले उपखंड अधिकारी विद्युत कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि यदि अघोषित विद्युत कटौती बंद नहीं की गई तो क्षेत्र के किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

बुधवार दोपहर लाखनोर क्षेत्र के अनेकों किसान नागल ब्लॉक अध्यक्ष मूसा प्रधान के नेतृत्व में नागल बिजली घर पहुंचे, जहां उपखंड अधिकारी विद्युत के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मूसा प्रधान ने कहा कि आसमान से आग बरस रही है, भीषण गर्मी में फसलें सूख रही हैं और विद्युत विभाग विद्युत कटौती पर आमदा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अघोषित विद्युत कटौती में शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो वह बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए धरना देकर अधिकारियों का घेराव करेंगे।

बाद में प्रदर्शनकारी किसानों के बीच पहुंचे एसडीओ सुंदर पाल ने कहा कि तकनीकी कमी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है, मशीनों को ठीक करा दिया गया है। कल से रोस्टर के अनुसार किसानों को 10 घंटे विद्युत आपूर्ति मिलती रहेगी। आश्वासन के बाद किसान घर लौट गए।

प्रदर्शन करने वालों में अमित मुखिया, संदीप चौधरी, अरविंद प्रधान, अजनीश कुमार, विनेश कुमार, राजेंद्र, ललित, लाला, अतुल, बृजपाल, सहवाज, सावेज आदि रहे।

सरसावा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में हरियाणा मार्का शराब के साथ एक वांछित दबोचा

शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय ने बताया कि चेकिंग के दौरान इस्तकार पुत्र जमील निवासी सरसावा को छह बोतल हरियाणा मार्का देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मैं हरियाणा से शराब लाकर फुटकर में कस्बे के लोगों को बेच देता हूं जिससे मुझे कुछ आमदनी हो जाती है। आरोपी पर मुकदमा दर्ज का जेल भेज दिया गया है।

सरसावा के टैगोर पब्लिक स्कूल में किया गया पूल पार्टी का आयोजन

शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। आज सरसावा के टैगोर पब्लिक स्कूल में गर्मी को ध्यान में रखते हुए जय हिंद एकेडमी द्वारा पुल पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने खूब एंजॉय किया और स्कूल और एकेडमी का धन्यवाद किया जिसमें 42 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया इसमें कोच दीपक राज रुबीना एचडी राजकुमार त्यागी जी और समस्त स्टाफके साथ पूल पार्टी बनाई गई।

एक नजर..

माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा शारदा रोड पर खस का शरबत किया वितरण

अतुल माहेश्वरी / युरेशिया

मेरठ। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा कन्हैया लाल की धर्मशाला शारदा रोड पर गर्मी को देखते हूए खस का शरबत का वितरण किया गया। माहेश्वरी समाज महिला मंडल की अध्यक्ष दिपाली माहेश्वरी ने बताया कि समाज द्वारा काफी वर्षो से गर्मीयों में शरबत का वितरण समाज द्वारा किया जाता रहा है और आगे भी किया जाएगा ।

मौजूद सचिव राज राठी, आशा राठी,अलका माहेश्वरी ,ममता केला,रचना भट्टर, मधु डांगरा, मेघा राठी , जयश्री भट्टर कविता धन्नानी,कमलेश माहेश्वरी ,नैन्सी केला, ममता ढक व उनकी माता जी का पूर्ण सहयोग रहा। मित्र मंडल के सदस्यों का भी पूर्ण सहयोग रहा जिसमें हेमंत माहेश्वरी (अध्यक्ष) राकेश ढक और कमल ढक आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में एसएसएफ जवान की गोली लगने से हुई मौत

युरेशिया संवाददाता

अंबेडकर नगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के कजपुरा गांव के मजरा पाल का पूरा निवासी एसएसएफजवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा की अयोध्या में राम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनाती के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले को आत्महत्या से जोड़कर जांच पड़ताल में जुटी है। बुधवार को देर शाम शव के घर पहुंचते ही परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस दौरान आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा रही। कजपुरा गांव के मजरा पाल का पूरा निवासी शत्रुघ्न विश्वकर्मा (25) वर्ष 2016 में पुलिस में भर्ती हुए थे। करीब तीन वर्ष की नौकरी के बाद एसएसएफजवान के रूप में इनकी तैनाती गोंडा में हुई थी। वर्तमान में यह अयोध्या राम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात थे। बुधवार की सुबह अचानक गोली लगने से यह लहूलुहान होकर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज पर उनके साथी मौके पर पहुंचे। साथी जवानों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर गांव में परिजनों को मिलने पर मातम पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि जवान पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। मौत कैसे हुई यह किसी को जानकारी नहीं है। जवान ने स्वयं आत्महत्या की या अचानक हादसा हो गया इसकी जानकारी किसी को नहीं है। बताया जाता है कि जवान किसी बात को लेकर तनाव में चल रहा था। जवान की शादी नहीं हुई थी। जबकि पिता की मौत पहले हो चुकी है। गांव से स्वजन अयोध्या पहुंच गए हैं। मृतक शत्रुघ्न विश्वकर्मा की माता समेत पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। फिलहाल पुलिस मामले को आत्महत्या से जोड़कर जांच पड़ताल में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। घटना की सूचना मिलते ही सम्मनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मय फोर्स,कजपुरा प्रधान प्रतिनिधि आफ्ताब हुसैन व अन्य मौके पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बधाया। बताया गया कि शव का अंतिम संस्कार गुरुवार को महादेव घाट पर किया जाएगा।

' दो युवकों का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी'

युरेशिया संवाददाता

अंबेडकरनगर।जिले में दो अलग-अलग थाना इलाके के टांडा और बसखारी में दो युवकों का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार टांडा थाना इलाके के बोधीपुर में पीले ईंट भट्टा के निकट कच्चे मार्ग पर स्थित ट्यूबल के पास स्थानीय लोगों ने एक शव को देखा। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक की शिनाख्त 30 वर्षीय राजकुमार उर्फलाल जी पुत्र दयाराम निवासी पूरा चौबे कोइराना थाना हंसवर के रूप में हुई। वहीं बसखारी थाना इलाके के बसखारी जलालपुर मार्ग पर स्थित कोल्ड स्टोर के पास की झाड़ी से 26 वर्षीय प्रिंस पुत्र राम बहादुर निवासी भेड़िया अशरफ्पुर किछौछा का शव संदिग्ध हालत में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विद्यार्थी दे रहे प्रतियोगिताओं द्वारा योग संदेश

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा ।जनपद के आयुर्वेद मेडिकल शैक्षणिक संस्थान एस.के.एस, संस्कृति, धनवंतरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं बी.एस.ए डिग्री कॉलेज मथुरा में विद्यार्थियों ने योग के महत्व पर आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्योग स्वयं एवं समाज के लिएष् से संबंधित विषयों पर योग प्रशिक्षक ने शिक्षक गण एवं छात्रछात्राओं के समक्ष सेमीनार के माध्यम से जन जागरूकता के रूप में प्रस्तुत किया गया। आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी डा0 अमृत पाल, डा0 पंकज, डा0, अरविंद सरोज, डा0 रचना, डा0 सुमनलता, डा0 मनीषा शर्मा, डा0 अमित गुप्ता, डा0 परितोष झा की सहभागिता रही। इस प्रकार की अन्य प्रतियोगिताएं प्राचीन विधा के प्रचार प्रसार हेतु 20 जून 2024 तक की जाएंगी। इसी सत्र में आयुष योग प्रशिक्षक द्वारा कामन योग प्रोटोकॉल का भी अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों में से विजेताओं को ससम्मान प्रशस्ति पत्र का वितरण 21 जून 2024 को समापन समारोह में किया जाएगा। बच्चों ने आशु भाषण में विशेषकर आधुनिक युग में योग के महत्ता बताने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में चारों शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 247 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर योग सप्ताह का प्रोत्साहन किया।

जिलाधिकारी ने दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य तरीके से मनाने के दिए निर्देश

युरेशिया सवादाता

अंबेडकर नगर। दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 को सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन व जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा पूर्व सांसद रितेश पाण्डे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शासन के मंशानुरूप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जनपद में भव्य तरीके से मनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा जिला तहसील ब्लाक स्तर पर दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 को मनाये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है जिसको भव्य रूप प्रदान करने के लिए सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी का सहयोग आवश्यक है उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम सभा के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के नेतृत्व में पंचायत भवन क्रीड़ा स्थल में दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाया जाये उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपेक्षानुरूप दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह (दिनांकः

जनपद, तहसील, ब्लाक, एवं पंचायत स्तर पर मनाया जाना है योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास प्रातः 06: 00 बजे से 07: 00 बजे तक का आयोजन निर्धारित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न सरकारी एवं निजी स्कूल कालेजों की सहभागिता,समस्त प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, उच्चस्तर माध्यमिक विद्यालयो को दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 से एक दिन पूर्व खुलवाकर समुचित सफाई व्यवस्था करवा कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2024 को जनपद स्तर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन चन्द्र शेखर आजाद पार्क मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर आवास के सामने दिनांकरू 21.06.2024 को प्रातः 06: 00 बजे किया जायेगा। सीएमओ को निर्देशित किया गया कि तीन प्रवेश द्वारों पर तीन एम्बुलेंस पैरा मेडिकल स्टाफ एवं लाईफ सेविंग ड्रग सहित स्थारित करें । पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया है कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करे।अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल के आस-पास साफ-सफाई मोबाईल टॉयलेट, पीने योग्य पानी का टैंकर, कार्यक्रम स्थल पर पानी का छिडकाव कराना सुनिश्चित करें बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार , डॉ. रजनीश सिंह तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

एसएसपी की तबादला एक्सप्रेस, 29 माह से जमी महिला थाना प्रभारी, अपराध शाखा में तैनात

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए कानून व्यवस्था में सुधार करने के लिए 19 थानेदारों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार निरीक्षक अश्वनी कुमार को जनसंपर्क अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से थाना जैत का प्रभारी बनाया गया है। थाना प्रभारी जैत को अपराध शाखा में तैनात किया गया है निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक थाना माँट बनाया गया है निरीक्षक माँट भागवत गुर्जर को लाइन भेजा गया है। थाना बलदेव के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्यागी को थाना कोतवाली छाता का प्रभारी बनाया है। निरीक्षक त्रिलोक सिंह को प्रभारी निरीक्षक छाता से प्रभारी निरीक्षक बलदेव बनाया गया है। निरीक्षक रंजना सचान को अपराध शाखा से थाना महावन का प्रभारी बनाया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार छोटेलाल को थाना जमुना पार का प्रभारी बनाया है प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे को प्रभारी निरीक्षक जमुना पार से प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार का प्रभार दिया गया है, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार अवधेश कुमार को प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा का चार्ज दिया गया है निरीक्षक अजय किशोर को अपराध शाखा से पी आर ओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती अलका ठाकुर को अपराध शाखा में भेजा गया है उनके स्थान पर महिला थाना अध्यक्ष महावन थाना प्रभारी श्रीमती आशा चौधरी को बनाया गया है निरीक्षक बॉबी कुमार को महिला थाना से साइबर थाना भेजा गया है निरीक्षक प्रमोद कुमार को प्रभारी सिटीजन चार्टर से साइबर थाना भेजा गया है थाना अध्यक्ष शेरगढ़ सोनू सिंह को थाना अध्यक्ष रिफाइनरी बनाया गया है चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना सदर बाजार नीरज भाटी को शेरगढ़ थाने का प्रभारी बनाया है थाना अध्यक्ष जैत अजय वर्मा को अपराध शाखा भेजा गया है। थाना अध्यक्ष रिफाइनरी कुलबीर सिंह को अपराध शाखा थाना प्रभारी मगोर्रा पुष्पेंद्र कुमार को अपराध शाखा भेजा गया है। इन सभी थाना प्रभारियों में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अलका ठाकुर 7 जनवरी 2022 से अब तक जमी हुई थी जिनका हटाया जाना पुलिस की नहीं आम लोगों में चर्चा है।

बरसाना रोपवे का सुरूआती ट्रायल सफल आसानी से होंगे राधा रानी के दर्शन, जल्द होगी प्रक्रिया शुरू

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में बरसाना रोपवे का काम तेज हो गया है। बरसाना में बहुप्रतीक्षित रोपवे का कार्य अंतिम चरण में है और मंगलवार को यहां दो ट्रालियां का ट्रायल भी किया गया। हालांकि ट्रायल की यह शुरुआती प्रक्रिया है इसके बाद लोड ट्रायल भी किया जाएगा जिसके3 बाद ही आम श्रद्धालु भी उड़न खटोले में बैठकर राधारानी मंदिर पहुंच सकेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश में चित्रकूट और विंध्याचल के बाद बरसाना तीसरा केंद्र होगा जहां श्रद्धालु उड़न खटोले की सुविधा का आनंद लेंगे। 2016 से बहुप्रतिक्षित रोपवे का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और मंगलवार को दो ट्रॉलियां का ट्रायल रन भी कराया गया।

हालांकि, रोपवे ट्रायल की यह पहली प्रक्रिया है इसके बाद लोड टेस्टिंग भी कराई जाएगी, जिसके बाद ही रोपवे का संचालन श्रद्धालुओं के लिए किया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर रोपवे का निर्माण करने वाली कंपनी श्रीराधारानी रोपवे प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभय अवस्थी ने बताया कि रोपवे निर्माण का काम पहले तो 3-4 साल तक इनवायरमेंट से संबंधी एनओसी नहीं मिलने के कारण लेट हुआ। उसके बाद कोविड के चलते भी इसके कार्य में विलंब हुआ। उन्होंने बताया कि अब लगभग कार्य पूरा हो चुका है और ट्रायल किया जा रहा है। फिलहाल दो ट्रॉली का अप और डाउन दोनों पर ट्रायल रन किया गया। हालांकि, यह अभी शुरुआती ट्रायल की प्रक्रिया है। डायरेक्टर ने बताया कि अभी लोड टेस्टिंग आदि भी होंगी। इसके बाद ही रोपवे का संचालन आम श्रद्धालुओं के लिए शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोपवे के लिए टिकिट विंडो बनकर तैयार है। अभी यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टॉयलेट ब्लॉक, ड्रिंकिंग वाटर फाउंटेन और बच्चों के लिए प्ले एरिया डवलप करना है। उन्होंने बताया कि फाइनल ट्रायल के बाद यहां 12 ट्रालियों का संचालन किया जाएगा और प्रत्येक ट्रॉली में 6 श्रद्धालु बैठ सकेंगे। इसे मंदिर तक पहुंचने में करीब 4-5 मिनट का समय लगेगा।

अभय अवस्थी ने बताया कि रोपवे की लंबाई 210 मीटर जबकि ऊंचाई 48.85 मीटर है। टिकिट शुल्क को लेकर उन्होंने बताया कि अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन जाना और आना दोनों तरफकी टिकट का शुल्क 110 रुपये के लगभग होगा। रोपवे का संचालन मंदिर खुलने और दर्शनों की टाइमिंग के अनुसार किया जाएगा।

आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक

मेरठ ।आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0 की अध्यक्षता में गत बैठक से वर्तमान तक जारी शासनादेश एवं उनकी प्रगति, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाध्परियोजनाओं की मंडलीय समीक्षा, रू0 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना, मुख्यमंत्री की घोषणाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में शासनादेश एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रम तथा रू0 50 लाख से अधिक की लागत की परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि समस्त मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी विभागीय निर्माणाधीन योजना एवं लाभार्थीपरक जनकल्याणकारी योजनाओं में जनपद स्तर पर समीक्षा करते हुए प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है उनको क्रियाशील किया जाये। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर नई योजनाओं की कार्ययोजना तैयार करते हुए भेजी जाये तथा किसी भी योजना में आ रही समस्याओं का जनपद स्तर पर अंतर्विभागीय बैठक कर उसका निस्तारण किया जाये। सभी अधिकारियों से आईजीआरएस के तहत आने वाली शिकायतों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये। आयुक्त ने योग दिवस को प्रत्येक जनपद स्तर पर भव्यता के साथ मनाये जाने हेतु निर्देशित किया कि जनपद से लेकर ब्लॉक, ग्रामीण स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये तथा जनपद स्तर पर एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाये व अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाये और उपलब्ध कराये गये पोर्टल पर फोटो, वीडियो अपलोड की जाये। योग दिवस के संबध में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये।

कार्यालय नगर पंचायत रटौल, जनपद बागपत

संख्याः 225/ए01/2024-25 दिनांकः 19 जून, 2024

-आवश्यक सूचना-

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधक नियम 2016 व प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 व उ0प्र0 सरकारी गजट दिनांक 15 जुलाई, 2018 एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भारत सरकार के पत्रांक No B17011/7/UPC-II-PWM(SUP)/2022 Dated 30.06.2022 तथा मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) लखनऊ उ0प्र0 के पत्र संख्या पी0एम0यू0/6142/524/2020-21 दिनांक 20 जुलाई, 2022 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पंचायत रटौल जनपद बागपत सीमान्तर्गत प्रतिबन्धित प्लास्टिक एवं थर्माकोल के सामग्री के विनिर्माण, आयात, वितरण, बिक्री और उपयोग पर निम्नानुसार प्रतिबन्ध लागू है।

1- 75 माईक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग और वस्तु 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबन्धित है तथा 120 माईक्रोन से कम मोटाई के समस्त प्रकार की एकल उपयोग प्लास्टिक 31 दिसम्बर 2022 से पूर्णता प्रतिबन्धित है।

2- 01 जुलाई 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबन्धित है-

(1) पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाईरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण वितरण बिक्री और उपयोग को पूर्णतः निषेध किया गया है।

(2) प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झण्डे, कैडी स्टिक, आईस्क्रीम की डंडिया, पोलीस्टाईरीन (थर्माकोल) की सजावट सामग्री।

(3) जो कम्पोस्टिंग योग्य न हो ऐसी प्लासस्टिक से बनी प्लेटें कप, गिलास, कोटे, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डिब्बे के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमन्त्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट, 120 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर ट्रे का भी 31 दिसम्बर 2022 से प्रायोग प्रतिबन्धित है।

इन सामग्रियों का विनिर्माण, आयात भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करना प्रतिबन्धित है। पायें जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध अधिसूचना द्वारा निर्धारित निम्नुसार आर्थिक दण्ड/दण्ड की व्यवस्था की गयी है।

क्र0 सं0	मात्रा	आर्थिक दण्ड/दण्ड
01	100 ग्राम तक	1000/- रूपये
02	101 से 500 ग्राम	2000/- रूपये
03	501 से 01 किलोग्राम	5000/- रूपये
04	01 किलोग्राम से 05 किलोग्राम	10,000/- रूपये
05	05 किलोग्राम से अधिक	25,000/- रूपये

अतः समस्त दुकानदारों/उपभोक्ताओं/उत्पादनकर्ताओ आदि को आगाह किया जाता है कि, समस्त प्रकार की प्रतिबन्धित पॉलीथीन का प्रयोग तत्काल प्रभाव से बंद कर दे, अन्यथा जाँच के दौरान मौके पर प्रतिबन्धित पॉलीथिन पाये जाने की दशा में आपके विरूद्ध उक्त तालिका अनुसार उपरोक्त जुर्माना वसूलने/दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रटौल
जनपद- बागपत

अध्यक्ष
नगर पंचायत रटौल
जनपद- बागपत

बीएसए कार्यालय में तैनात बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

एंटी करप्शन आगरा टीम की कार्रवाई थाना रिफाइनरी में मुकदमा दर्ज

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा। एंटी करप्शन टीम ने जिला बेसिक शिक्षा विभाग के एक बाबू को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है । बी एस ए कार्यालय में तैनात बाबू ब्रज राज सिंह को 25 हजार रु की रिश्वत लेते स्टेट बैंक चौराहा से गिरफ्तार किए जाने की चर्चा है। बताया जाता है बाबू ब्रजराज ने पूर्व संविदा कर्मी धर्मेंद्र सिंह के पिता से 50 हजार रूप की रिश्वत मांगी थी। धर्मेंद्र कुमार ने 25 हजार की रिश्वत देकर एंटी करप्शन टीम से ब्रजराज को गिरफ्तार कराया है । एंटी करप्शन टीम में शामिल रही इंस्पेक्टर कल्पना गौतम के अनुसार आरोपी बाबू ब्रज राज को सुबह 9: 50 पर ?25000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। आगरा से आई टीम में इंस्पेक्टर सुबोध कुमार पूजा शर्मा संजय राय राज किशोर आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे। मामले की एफआई आर रिफाइनरी थाने में दर्ज कराई गई है।

इस मामले में चर्चा है कि बीएसए की कार्यवाही से चिढ़े कर्मचारियों ने साजिश कर फंसाया है बीएसए का बाबू ? बताते है बीएसए द्वारा संविदा का नवीनीकरण न करने से धर्मेंद्र ने बाबू को फंसाया।

इस मामले में दो निलंबित शिक्षकों के भी षड्यंत्र में शामिल होने की आशंका है । निलंबित शिक्षकों पर आरोपी बाबू ब्रजराज सिंह ने गाली गलौच करने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

समस्याओं से जूझ रहे हरिवंश नगर के लोग

वृंदावन जोन कार्यालय पर प्रदर्शन अपर नगर आयुक्त ने समस्या सुन समाधान का दिया आश्वासन

विकास गौतम/युरेशिया

वृंदावन (मथुरा)। हरिवंश नगर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं न मिलने से क्षुब्ध क्षेत्रवासियों ने क्षेत्रीय पार्षद के साथ बुधवार को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

हरिवंश नगर कॉलोनी के वाशिंदे बड़ी संख्या में नगर निगम के वृंदावन जोनल कार्यालय पहुंचे। मुख्य द्वार पर खड़े होकर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वाशिंदों का कहना है कि करीब एक साल से लोग सीवर लाइन की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं विगत तीन माह से जलापूर्ति भी सुचारू नही है। सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़कों पर गंदा पानी बहने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इलाके में करीब 600 मीटर लाइन क्षतिग्रस्त है। लेकिन जल निगम और नगर निगम एक दूसरे के सिर ठीकरा फोड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन को बाध्य होंगे। अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से मुलाकात कर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराने का भरोसा दिया। क्षेत्रीय पार्षद डॉ. रूप किशोर वर्मा का कहना है कि उनके द्वारा भी विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस मौके पर अंकित कुमार, संरक्षक मधुरम, अध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष उदय अवस्थी, गिरधारी शर्मा , श्रवण उपाध्याय, राधाकृष्ण गौतम, अमित दीक्षित, रतिराम, निषाद, विनोद पाण्डेय, ब्रजमोहन, रोहित तथा राजा सेंगर आदि उपस्थित थे।

कार और बाइक की भिडंत, पति-पत्नी सहित तीन मरे

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा । थाना मांट क्षेत्र के अंतर्गत मांट-पानीगांव मार्ग पर डांगोली के समीप बाइक व कार की आमने सामने भिड़त हो गयी। जिसमें बाइक पर सवार पति-पत्नी व देवर की मौत हो गई वहीं कार चालक घायल हो गया ।

सूचना पर पहुँची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतकों के परिजनों को सूचना दी। जहाँ पर जानकारी होते ही गांव में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार

बुधवार थाना माँट क्षेत्र के अंतर्गत मांट पानीगांव मार्ग पर डांगोली के समीप सामने से आ रही कार और बाइक में आमने सामने भीषण भिड़त हो गई। जिसमें बाइक पर सवार 20 वर्षीय राधिका पत्नी पंकज एवं भाई आकाश पुत्र नरेंद्र निवासी चाँदपुर थाना नौहझील की मौत हो गई। बताया गया है कि बाइक सवार राधिका को अस्पताल में दिखाने के लिए लेकर जा रहे थे तभी पानीगाँव की तरफ से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी और गाड़ी सड़क किनारे गड्ढे जाकर पलट गई । घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

कार्यवाहक मांट थाना प्रभारी भुवनेश दीक्षित ने बताया कि कार चालक का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है कार को मौके से बरामद कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

वर्ल्ड म्यूजिक डे पर कलाकारों ने बताया कि वे संगीत में कितने बड़े उस्ताद हैं!

युरेशिया संवाददाता

संगीत में भावनाओं को जगाने, उत्साह बढ़ाने और मुश्किल वक्त में राहत देने की ताकत होती है। किसी वाद्ययंत्र को बजाने या संगीत सुनने से थैरेपी जैसा अनुभव भी मिलता है। वर्ल्ड म्यूजिक डे पर एण्डटीवी के कलाकार संगीत और वाद्ययंत्रों के लिये अपने प्यार के बारे में बता रहे हैं। यह कलाकार हैं राहुल जेठवा (अवध बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। अटल में अवध बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे राहुल जेठवा ने बताया, ''संगीत मेरे लिये शांति पाने का जरिया है। मेरा भाई और मैं एक्टर होने के अलावा संगीतकार भी हैं। बचपन में युगल गीतों पर परफॉर्म करने और साथ मिलकर वाद्ययंत्र बजाने की प्यारी यादें हमारे साथ हैं। हमने अपने खाली वक्त में कुछ गाने बनाये और कम्पोज किये हैं। हम और भी गाने रिकॉर्ड करना चाहते हैं। गाने के अलावा, मैं गिटार और हारमोनियम बजा सकता हूँ। मैं जब भी शूटिंग नहीं कर रहा होता हूँ, तब घर पर संगीत की रचना करना मुझे पसंद है। हारमोनियम बजाने की मेरे दिल में एक खास जगह है। उसकी गहरी और गूंजने वाली आवाज में कुछ तो ऐसा होता है, जो बड़ी राहत देता है। मैं अक्सर मेलोडीज में खो जाता हूँ, मेरा तनाव दूर हो जाता है और हर नोट मेरी चिंताओं को खत्म करता जाता है। हारमोनियम में मुझे अपनी उंगली की गति से अपनी सांस का समन्वय रखना पड़ता है। और रिदम का यह तरीका लगभग ध्यान करने जैसा हो जाता है। इससे मुझे एकाग्र रहने में मदद मिलती है और मेरे दिमाग को शांति तथा संतुलन का अनुभव होता है। संगीत के बिना तो दुनिया भी बेरंग होती।'''हप्पू की उलटन पलटन' में अपने किरदार राजेश के लिये मशहूर गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''संगीत के लिये मेरा सफर घर से शुरू हुआ था। मैं पारिवारिक आयोजनों में दादी माँ को पारंपरिक लोकगीत गाते सुनती थी। मैं वाराणसी की हूँ, जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और आध्यात्मिक रूप से काफी संपन्न शहर है। मेरी माँ और दादी माँ के कारण मैं हमेशा से संगीत और कला के बीच रही हूँ। मेरी दादी माँ की आवाज में कई पीढ़ियों के स्वर थे। उनके गीतों में प्यार, बहादुरी, भक्ति और प्रकृति की कहानियाँ होती थीं। उनसे प्रेरित होकर मैंने भी उनके साथ गाना शुरू कर दिया और जल्दी ही यह मेरा जुनून बन गया। मैं अब भी बहुत अच्छा नहीं गाती हूँ, लेकिन जहाँ तक संभव हो, अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती रहती हूँ। उनके साथ अभ्यास करते हुए मैं घंटों बिता दिया करती थी।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।

सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)